# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## केरल भूस्खलन

- भारी बारिश ने मचाई तबाही
- सेना, नौसेना और राष्ट्रीय आपदा बल तैनात
- दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा

**128** घायल हुए

**34 शवों** की पहचान







### बड़ी त्रासदीः चार गांव पूरी तरह तबाह, तीनों सेना बचाव में उतरी, 300 से ज्यादा लापता

# केरल में खिसकी 'धरती'

## मलबे में 120 से ज्यादा दफन

*केरल के पर्वतीय वायनाड जिले में मंगलवार तड़के कई जगहों पर भारी बारिश के बाद हुईं भूस्खलन की घटनाओं में 120 से अधिक की मौत हो गई। सैकड़ों लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। वायनाड में भूस्खलन के बाद अब तक 123 शव बरामद हो चुके हैं। 128 लोग घायल हुए हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि भूस्खलन में मरने वाले 34 व्यक्तियों के शवों की पहचान की जा चुकी है। इनमें से 18 शव मृतकों के परिवारों को सौंप दिए गए हैं।*



### पीएम-गृहमंत्री ने दिया मदद का भरोसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूस्खलन की घटनाओं में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को संकट से निपटने के लिए केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री विजयन से बात कर भूस्खलन प्रभावित वायनाड के हालात का जायजा लिया। उन्होंने विजयन को स्थिति से निपटने के लिए केरल को केंद्र की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।



### राहुल-प्रियंका आज जाएंगे

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार सुबह भूस्खलन प्रभावित वायनाड का दौरा करेंगे। राहुल गांधी ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, मैंने केरल के मुख्यमंत्री और वायनाड जिला कलेक्टर से बात की है, जिन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि बचाव अभियान जारी है।

### घरों में सो रहे लोगों को नहीं मिल पाया बचने का मौका

एजेंसी ▶▶ वायनाड

केरल के पर्वतीय वायनाड जिले में मंगलवार तड़के कई जगहों पर भारी बारिश के बाद हुईं भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 123 लोगों की मौत हो गई है तथा 128 लोग घायल हुए हैं। सैकड़ों लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। भूस्खलन की घटनाएं मंगलवार तड़के हुईं जिससे अपने घरों में सो रहे लोगों को बचने का मौका भी नहीं मिल पाया। भूस्खलन ने तबाही के निशान छोड़े हैं। कई मकान जमींदोज हो गए, नदियां उफान पर हैं और कई पेड़ उखड़ गए हैं।

सेना, नौसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के बचाव दल खराब मौसम के बीच पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं और पीड़ित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए कई एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। इससे पहले, केरल ▶▶ शेष पेज 4 पर

केरल बैंक ने 50 लाख रुपए का योगदान दिया है। सिक्किम के मुख्यमंत्री ने 2 करोड़ और तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने 5 करोड़ रुपए की सहायता देने का वादा किया है।






### 118 शिविर खोले गए

केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने कहा वायनाड में भूस्खलन एक दिल दहला देने वाली आपदा है। कई लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। हमने वायनाड में 45 राहत शिविर और पूरे राज्य में कुल 118 शिविर खोले हैं, जिनमें 5,531 लोग रह रहे हैं।

### मुंडाकाई में 15 घंटे बाद शुरू हो सका रेस्क्यू

वायनाड के चूरलमाला इलाके में तो सुबह ही राहत बचाव शुरू हो गया था, लेकिन मुंडाकाई इलाके में सुबह-सुबह कोई पहुंच भी नहीं पाया क्योंकि वहां जाने वाले रास्ते में रोड ब्रिज सब तबाह हो चुके थे। करीब 15 घंटे बाद यहां अस्थाई पुल बनाकर राहत बचाव कार्य शुरू किया जा सका।



### रोते लोग अपनों को खोजते रहे

मेप्पडी जिले में एक छोटे व भीड़भाड़ वाले स्वास्थ्य केंद्र के फर्श पर शवों को एक पंक्ति में रखा गया था। यहां रोते हुए लोगों को प्रियजनों को खोजते हुए देखा गया। कुछ लोग अपने प्रियजनों के शवों को देखकर फूट-फूटकर रोने लगे जबकि कुछ लोगों ने अपने रिश्तेदारों को मृतकों में न पाकर राहत की सांस ली। भूस्खलन से प्रभावित एक गांव के भयावह दृश्यों में से एक में, कीचड़ से लथपथ एक व्यक्ति को अपनी जान बचाने के लिए बाढ़ के पानी के तेज बहाव में एक विशाल चट्टान से चिपककर खड़े होने की कड़ी मशक्कत करते हुए देखा गया। असहाय स्थानीय निवासियों ने प्राधिकारियों से उसे तुरंत बचाने का अनुरोध किया।




## जिनकी जाति का पता नहीं है, वे जाति जनगणना के बारे में बात करते हैः ठाकुर

# लोकसभा में जाति पर भिड़े अनुराग और राहुल, जमकर चले शब्द बाण

### जो भी आदिवासी, दलित और पिछड़े के मुद्दे उठाता है, उसे गाली दी जाती है : राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा सदन में बजट चर्चा में बोलते हुए मंगलवार को भाजपा सदस्य अनुराग ठाकुर ने जमकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर कटाक्ष किये। सोमवार को राहुल गांधी ने बजट चर्चा में हिस्सा लेते हुए केन्द्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा था। ठाकुर ने मंगलवार को राहुल गांधी की बातों का जवाब देते हुए कहा कि जिनकी जाति का पता नहीं है, वे जाति जनगणना के बारे में बात करते हैं। बाद में गांधी ने कहा कि जो भी आदिवासी, दलित और पिछड़ों के मुद्दे उठाता है, उसे गाली दी जाती है। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैंने कहा था कि जो जाति के बारे में नहीं जानता, वह जनगणना की बात करता है। मैंने किसी का नाम नहीं लिया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर पर केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा के अंदर उनका अपमान करने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जो भी आदिवासी, दलित और पिछड़े के मुद्दे उठाता है, उसे गाली दी जाती है। मैं इन गालियों को खुशी-खुशी स्वीकार करूंगा अनुराग ठाकुर ने मुझे गाली दी है और मेरा अपमान किया है। लेकिन मैं उनसे कोई माफी नहीं चाहता। मैं इन गालियों को खुशी से स्वीकार करूंगा। राहुल गांधी ने ठाकुर के भाषण को बीच में रोकते हुए कहा कि आप जितना चाहें मेरा अपमान कर सकते हैं, लेकिन आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि हम संसद में जाति जनगणना विधेयक पारित कराएंगे। लोकसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता कर रहे जगदंबिका पाल ने सदन को व्यवस्थित करने की कोशिश की। हालाँकि, सांसद अपना असंतोष व्यक्त करते रहे।

अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि आपके बोलने के लिए पर्ची आती है। उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती। भाजपा सदस्य ने कांग्रेस से बने पूर्व प्रधानमंत्रियों का जिक्र किया और हर दौर में हुए घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं पूछना हूं कि चाहता हलवा किसे मिला। कुछ लोग ओबीसी की बात करते हैं। इनके लिए ओबीसी का मतलब है, ऑनली फॉर ब्रदर इन लॉ कमीशन। ठाकुर ने यह भी कहा कि, असत्य के पैर नहीं होते और यह कांग्रेस पार्टी के कंधे पर सवारी करता है। जैसे मदारी के कंधे पर बंदर होता है। राहुल गांधी के कंधे पर असत्य का बंडल होता है।

### अनुराग मंत्री नहीं, इसलिए तकलीफ में : अखिलेश

सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि अनुराग जी मंत्री नहीं रहे, इसलिए तकलीफ में हैं। ठाकुर ने कहा कि अखिलेश जी को राहुल गांधी के साथ बैठकर बांहे फैलाकर झूठ बोलने की आदत पड़ गई है। अग्निवीरों को 100 प्रतिशत नौकरी की गारंटी है। राहुल जी के साथ बैठकर अखिलेश जी ज्ञान मत बांटिए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मैं पूछता हूं कि राज्यों से 10 प्रतिशत कोटा क्यों मांग रहे हो। सरकार खुद ये बात स्वीकार करती है कि ये स्कीम ठीक नहीं है। तभी वो अपनी राज्य सरकारों से कह रहे हैं कि अग्निवीर वाले जो लौटकर आएंगे उन्हें कोटा दीजिए। अखिलेश यादव ने अनुराग ठाकुर से पूछा कि चैल कहां है? कभी गए हो उस मिलिट्री स्कूल में। मैं खुद मिलिट्री स्कूल में पढ़ा हूं। आप परमवीर चक्र की बात कर रहो, हम भी कई नाम गिना सकते हैं, जिन्हें परमवीर चक्र मिला है।

## खबर संक्षेप

### बंगाल : अधीर रंजन का प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष पद से



अधीर रंजन चौधरी ने इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस महासचिव और पश्चिम बंगाल में प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने यह जानकारी दी। सोमवार को ही अधीर रंजन समेत पश्चिम बंगाल के कई नेताओं की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ मीटिंग हुई थी। इसी मीटिंग में ही उन्हें हटाने का फैसला लिया है।

### एमपी : लाडली बहनों को अब 450 में गैस सिलेंडर

**भोपाल।** रक्षाबंधन से पहले मध्य प्रदेश सरकार ने लाडली बहनों को



बड़ा तोहफा दिया है। मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध लाडली बहना लाभार्थी योजना की महिलाओं को अब 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। मप्र में अभी गैस सिलेंडर 848 रुपये का है। यानी इस हिसाब से मप्र में लाडली बहनों को आधी कीमत में सिलेंडर मिलेगा। 450 में सिलेंडर मिलेगा जबकि बची हुई 399 रुपये की राशि को राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा।

### स्पेस स्टेशन जाएगा भारतीय अंतरिक्ष यात्री

**नई दिल्ली।** भारत जल्द ही इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में अपना



पहला अंतरिक्ष यात्री भेजने की तैयारी में हैं। मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक गगनयात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करेगा।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में कहा

# बजट में रखा सभी वर्गों का ध्यान, विपक्ष फैला रहा भ्रम

*बिहार-आंध्र पर मेहरबानी पर बोलीं, यूपीए में तो 26 राज्यों के नाम रहते थे गायब*

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट 2024-25 पर चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों के हितों पर ध्यान दिया गया है। मगर, दुर्भाग्य से विपक्ष भ्रम फैला रहे हैं और राज्यों की उपेक्षा का आरोप लगा कर राजनीति कर रहे हैं। सीतारमण ने लोकसभा में बजट 2024-25 पर चार दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्र के साधने का प्रयास करके सभी तरह की चुनौतियों से निपटने के प्रावधान किए गए हैं। बजट व्यय में 48.21 लाख करोड रुपये का प्रावधान है जो पिछले साल से 7.3 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट भाषण में कभी किसी राज्य का नाम नहीं लेने का मतलब ये नहीं है कि उस राज्य को पैसा नहीं दिया जा रहा है और उसकी उपेक्षा की जा रही है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि यूपीए सरकार के समय में 2009-10 के पूर्ण बजट में केवल बिहार और उत्तर प्रदेश का उल्लेख किया गया था और 26 राज्यों का उल्लेख तक नहीं था। उन्होंने विभिन्न राज्यों के लिए बजट में योजनाओं के लिए आवंटन की सूची गिनाते हुए कहा कि उनके बजट भाषण में राज्यों की उपेक्षा करने का झूठ फैलाने की कोशिश की गई है, जिससे उन्हें बहुत पीड़ा है। सीतारमण ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये है जो कोविड के पहले की तुलना में तीन गुना हो गया है। कोविड के प्रभाव से उभर कर अर्थव्यवस्था तेजी से बढ रही है। प्रभावी पूंजीगत व्यय 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक है जो पिछले साल के संशोधित अनुमान से 18 प्रतिशत से ज्यादा है।

### बेहतर नीतियों से भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

सीतारमण ने कहा कि सरकार के अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन और बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय के कारण कोविड महामारी के बाद भारत ने ऊंची वृद्धि हासिल की और आज हमारा देश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। ' चालू वित्त वर्ष के लिए कुल 48.21 लाख करोड़ रुपये के बजट में सामाजिक और भौगोलिक समावेश पर जोर है। यानी हर वर्ग और क्षेत्र का ध्यान दिया गया है।' उन्होंने कहा, ''सरकार के अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन और बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय के कारण महामारी के बाद हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है।

### जम्मू-कश्मीर का बजट पास पिछले साल के मुकाबले 110 करोड़ कम

इस दौरान, सीतारमण ने संसद में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट पेश किया। इसे ध्वनी मत से पारित किया गया। जम्मू-कश्मीर के लिए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1 लाख 18 हजार 390 करोड़ रुपए का बजट पेश हुआ है। बीते साल यह 1 लाख 18 हजार 500 करोड़ रुपए था। इस साल इसमें 110 करोड़ की कमी आई है। फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में जम्मू-कश्मीर के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 7.5% की ग्रोथ और 7,902 करोड़ रुपए राजकोषीय घाटा (फिस्कल डेफिसिट) रहने का अनुमान है। इससे पहले 5 फरवरी 2024 को वित्त मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के लिए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया था। प्रदेश में निर्वाचित सरकार नहीं होने की वजह से यह जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट है जो संसद में पेश हुआ है। सीतारमण ने कहा, जम्मू कश्मीर में बेरोजगारी की दर तीन वर्ष में 6.4 से घटकर 4.4 प्रतिशत पर आ गई है। इस बजट में जम्मू कश्मीर को पुलिस खर्च के लिए 12 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा 5 हजार करोड़ रुपये की और मदद दी गई है।

## सेवानिवृत्त कैप्टनों की पेंशन से जुड़ी अड़चनें दूर करने कहा

# ओआरओपी : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र पर लगाया दो लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र को कड़ी फटकार लगाई। दरअसल, अदालत ने कुछ साल पहले वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना के अनुसार सेना से सेवानिवृत्त नियमित कैप्टनों को बकाया भुगतान करने के लिए कहा था। मगर बकाया पेंशन पर वर्षों तक कोई फैसला नहीं लेने पर शीर्ष अदालत ने आज केंद्र को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सेवानिवृत्त अधिकारियों की पेंशन के मामले में जो भी अड़चनें आ रही हैं उन्हें दूर करने के लिए केंद्र को 14 नवंबर तक का समय दिया है। पीठ ने कहा कि दो लाख रुपये की राशि सेना के कल्याण कोष में जमा की जाएगी और सरकार को चेतावनी दी कि अगर 14 नवंबर तक फैसला नहीं लिया गया तो वह सेवानिवृत्त नियमित कैप्टनों की 10 फीसदी पेंशन बढ़ाने का निर्देश देंगे। इस मामले में अगली तारीख 25 नवंबर तय की गई है।

### वकीलों से ज्यादा फीस नहीं ले सकते बार काउंसिल

वकालत के पेशे के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य की बार काउंसिल कानून द्वारा तय नामांकन शुल्क से ज्यादा फीस नहीं वसूल सकतीं। नए लॉ ग्रेजुएट के लिए नामांकन शुल्क के रूप में सामान्य श्रेणी के लिए 750 रुपये और **SC/ST** श्रेणी के लिए 125 रुपये से ज्यादा नहीं वसूले जा सकते। यह फैसला सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनाया।विवाद का मुद्दा अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 24 है, जिसमें कहा गया है कि कानून स्नातक को वकील के रूप में नामांकित करने के लिए शुल्क 600 रुपये है और केवल संसद कानून में संशोधन करके इसे बढ़ा सकती है।

## ऑनलाइन मार्केटिंग ट्रेनिंग के नाम पर ले जा रहीं थीं यूपी से बिहार

# 16 नाबालिग लड़कियों की मानव तस्करी, किया गया रेस्क्यू

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के गोंडा में रेलवे स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की मानव तस्करी निरोधक इकाई (एएचटीयू) ने सोलह नाबालिग लड़कियों को बचा लिया। उन सभी को एक ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी में प्रशिक्षण देने के बहाने बिहार ले जाया जा रहा था। हालांकि उन सभी को ले जाने वाले दो आरोपी मौके से फरार हो गए, पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के उप निरीक्षक और मानव तस्करी निरोधक इकाई



(एएचटीयू) के प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन पर गश्त के दौरान एक पुरुष और एक महिला को 14 से 17 साल की उम्र की 16 लड़कियों के साथ देखा गया। उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार के मुताबिक, इसके बाद टीम ने उन्हें रोक लिया और उनसे पूछताछ की गई।

### सभी लड़कियां ग्रामीण इलाकों से

चाइल्डलाइन के समन्वयक आशीष मिश्रा ने बताया कि देवरिया की एक महिला उन्हें एक ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी में प्रशिक्षण देने के बहाने बिहार ले जा रही थी। उन्होंने बताया कि सभी लड़कियां जिले के ग्रामीण इलाकों से थीं और उनके माता-पिता ने अपने बच्चों को प्रशिक्षण के लिए ले जाने की सहमति दी थी, जिसके बाद उन्हें लगा कि उन्हें नौकरी मिल सकती है। मिश्रा के मुताबिक, उन सभी लड़कियों को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जाएगा और उसके बाद उनको उनके माता-पिता को सौंप दिया जाएगा।

## विधानसभा में पास हुआ विधेयक

# यूपी में लव जेहाद पर अब उम्रकैद की सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दी गई। विधानमंडल सत्र के दूसरे दिन इस विधेयक को सदन से मंजूरी मिली है। यूपी सरकार ने इससे पहले विधानसभा में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2021 पारित किया था। पहले विधेयक में एक से 10 साल तक की सजा का प्रावधान था। संशोधन के जरिए पिछले विधेयक को



सजा और जुर्माने की दृष्टि से और मजबूत किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार किसी नाबालिग, दिव्यांग अथवा मानसिक रूप से दुर्बल व्यक्ति, महिला, अनुसूचित जनजाति का धर्म परिवर्तन कराया जाता है तो दोषी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया जाएगा। इसी तरह, सामूहिक धर्म परिवर्तन पर भी आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा होगी।

### इन राज्यों में भी है ऐसा ही कानून

हालांकि, उत्तर प्रदेश एकलौता राज्य नहीं है जहां जबरन धर्मांतरण विरोधी कानून है। अगस्त 2023 तक देशभर में 10 राज्यों में जबरन धर्मांतरण विरोधी कानून लागू हो चुके थे। उत्तर प्रदेश के साथ उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, गुजरात, झारखंड, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और ओडिशा में ये कानून हैं।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

## ताजा सर्वे बता रहे पूर्व राष्ट्रपति की बढ़ेंगी मुश्किलें

# ट्रंप के गढ़ में भी कमला को मिल रहा बहुत 'प्यार'



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

.अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक कमला हैरिस और रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला होना तय है। जब से कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति प्रबल दावेदार हुई हैं तब से अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव बेहद रोचक हो गया है। ट्रंप के गढ़ में भी कमला हैरिस को बहुत प्यार मिल रहा है।

ताजा सर्वे के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप के गढ़ वाले राज्य मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया और पेन्सिल्वेनिया में ट्रंप मामूली अंतर से आगे हैं, जबकि विस्कान्सिन में दोनों 47 फीसद के साथ बराबरी पर हैं। इससे पहले जब बाइडेन चुनावी मैदान में थे तो ट्रंप इन राज्यों में काफी आगे थे। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ने कमला हैरिस की उम्मीदवारी पर समर्थन दे दिया। गौरतलब है कि बराक ओबामा को लेकर अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं थी। माना जाता है कि ओबामा को बड़ी डेमोक्रेटिक लाबी का समर्थन हासिल है, इसलिए उनका समर्थन हैरिस के लिए बड़ी जीत है।

### अब उम्र को लेकर दबाव में ट्रंप

सर्वे के अनुसार 56 फीसद मतदाता यह मानते हैं कि 59 वर्षीय हैरिस मानसिक रूप से तेज और चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं, जबकि 78 वर्षीय ट्रंप के बारे में 49 फीसद मतदाताओं की ही यह राय है। वहीं, केवल 22 फीसद मतदाता ही बाइडन के बारे में ऐसा सोचते हैं।

### एक हफ्ते में 8 फीसदी बढ़ी अप्रूवल रेटिंग

*राष्ट्रपति जो बाइडेन के उम्मीदवारी से पीछे हटने के बाद कमला हैरिस की अप्रूवल रेटिंग पिछले हफ्ते की तुलना में 8 फीसदी बढ़ गई है। एबीसी न्यूज ने इप्सोस पोल का हवाला देते हुए बताया कि कमला हैरिस की अप्रूवल रेटिंग अब 43 फीसदी है। जबकि, उनकी डिस-अप्रूवल रेटिंग 42 फीसदी है। पिछले हफ्ते तक कमला हैरिस की अप्रूवल रेटिंग 35 फीसदी और डिस अप्रूवल रेटिंग 46 फीसदी थी।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

सभी प्रकार के रोगों का निःशुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## सीएम साय ने किया स्वागत

छत्तीसगढ़ के मनोनीत राज्यपाल रमेन डेका मंगलवार को रायपुर पहुंचे। राजधानी रायपुर के स्टेट हेंगर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्यों की थाप के साथ मनोनीत राज्यपाल का स्वागत किया गया। राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी मनोनीत राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। स्टेट हेंगर पर मनोनीत राज्यपाल को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया।

# हरिचंदन गए, डेका आए, आज लेंगे शपथ
# बैस को भी महाराष्ट्र में मिली विदाई, पहुंचे रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के निवृत्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन मंगलवार को छत्तीसगढ़ से रवाना हो गए। दूसरी ओर राज्य के नवनियुक्त मनोनीत राज्यपाल रमेन डेका यहां अपना नया पदभार ग्रहण करने पहुंचे हैं। वे 31 जुलाई को सुबह 10.15 बजे राजभवन में राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। उधर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### डेका से साय की राजभवन में मुलाकात

मनोनीत राज्यपाल रमेन डेका से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राजभवन में मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री डेका से प्रदेश के हित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानन्द भी उपस्थित थे।

### हरिचंदन विदा, साय ने कहा- उनसे मिला मार्गदर्शन



छत्तीसगढ़ के निवृतमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन मंगलवार को रायपुर से विदा हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि निवर्तमान राज्यपाल हरिचंदन के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। उन्होंने अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बैस बोले- राजनीति में लौटने का फैसला पार्टी का



महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से निवृत्त होने के बाद रमेश बैस मंगलवार को रायपुर लौटे। इससे पहले उन्हें महाराष्ट्र में एक समारोह में विदाई दी गई। इस समारोह में महाराष्ट्र की सियासत के प्रमुख लोग शामिल थे। छत्तीसगढ़ लौटने पर पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने मीडिया से चर्चा में कहा- 5 साल में तीन राज्यों का राज्यपाल रहा। पूरा कार्यकाल बेदाग रहा, एक भी आरोप नहीं लगा, यही राज्यपाल के रूप में मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि रही। सक्रिय राजनीति में उतरूंगा या नहीं, पार्टी फैसला करेगी। पार्टी का कार्यकर्ता हूं, जो आदेश होगा, काम करूंगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें काफी कुछ दिया है। मैं काफी सौभाग्यशाली हूं कि पार्टी ने मुझे इतना अवसर दिया, नहीं तो कई कार्यकर्ता अपना जीवन खपा देते हैं, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिल पाता। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चक्रव्यूह वाले बयान पर श्री बैस ने कहा- पहले महाभारत तो पढ़ लें राहुल गांधी, उसके बाद दें ऐसा कोई बयान।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### प. बंगाल में 10 ठिकानों पर ईडी ने मारे छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में 10 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापे मारे। ईडी ने इलाकों में व्यापारियों एवं तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के आवासों तथा मिल और कार्यालयों पर छापे मारे। चावल और आटा मिल के साथ कई व्यवसायियों के कार्यालयों पर पहुंची।



### एलजी ने 320 इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 320 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। ऐसी बसों की कुल संख्या बढ़कर 1,970 हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी के परिवहन बेड़े में इन बसों के शामिल होने से प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली की लड़ाई को मजबूती मिलेगी।



### राकांपा नेता मलिक को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन के एक मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को मंगलवार को चिकित्सा आधार पर जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने मलिक की ओर से पेश वकील की दलीलों पर गौर किया कि वह विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं।



### पशु से टकराई बाइक दो कांवड़ियों की मौत

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के रेहड़ थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक छुट्टा पशु से टकरा जाने से मोटरसाइकिल सवार दो कांवड़ियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। रेहड़ थाना क्षेत्र में वादीगढ़ के पास तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल किसी छुट्टा पशु से टकरा गई।



### आकाशीय बिजली गिरने से चार की मौत

**रांची।** रांची में आसमानी बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। मांडर थाना क्षेत्र में खेत में काम करने के दौरान 8 किसानों पर बिजली गिरी। इसमें 4 की मौत हो गई, जबकि बाकी गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को इलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। इनमें से दो को गंभीर हालत में रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया है।



## झारखंड में रेल हादसा : दुरंतो, आजाद हिंद, मुंबई-शालिमार समेत कई गाड़ियों का बदला रूट

# रायपुर से गुजरने वाली हावड़ा-मुंबई मेल के 18 डिब्बे गिरे, 2 की मौत

एजेंसी ▶▶ जमशेदपुर/ रांची/ कोलकाता/ चाईबासा

*रायपुर से गुजरने वाली हावड़ा-मुंबई मेल एक्सप्रेस (12810) हादसे की शिकार हो गई है। दरअसल, झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में मंगलवार तड़के मुंबई-हावड़ा मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इनमें से कुछ बोगियां बगल में खड़ी मालगाड़ी से टकरा गईं। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।*

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में मंगलवार तड़के मुंबई-हावड़ा मेल के कम से कम 18 डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के पौने चार बजे दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत जमशेदपुर से लगभग 80 किलोमीटर दूर बड़ाबम्बू के पास हुई। दुर्घटनास्थल पर मौजूद पश्चिम सिंहभूम जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा, बड़ाबम्बू के पास हावड़ा-मुंबई मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके बाद कुछ डिब्बे पास में खड़ी मालगाड़ी से टकरा गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटनास्थल पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों की सीमा के पास है।

एसईआर प्रवक्ता ने कहा, तड़के पौने चार बजे 22 डिब्बों वाली मुंबई-हावड़ा मेल के कम से कम 18 डिब्बे एसईआर के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत बड़ाबम्बू रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इन डिब्बों में 16 यात्री डिब्बे, एक पावर कार और एक पैंट्री कार शामिल है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबंधित अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने और घायलों की मदद करने का निर्देश दिया। एसईआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दुर्घटना में घायल यात्रियों को बड़ाबम्बू में चिकित्सा सहायता प्रदान करने के बाद बेहतर इलाज के लिए चक्रधरपुर ले जाया गया।

### 13 दिन में 7 रेल हादसे

- 18 जुलाई: यूपी के गोंडा में ट्रेन हादसा
- 19 जुलाई: गुजरात के वलसाड में ट्रेन हादसा
- 20 जुलाई: यूपी के अमरोहा में ट्रेन हादसा
- 21 जुलाई: राजस्थान के अलवर में ट्रेन हादसा
- 21 जुलाई: बंगाल में ट्रेन हादसा
- 29 जुलाई: बिहार में ट्रेन हादसा
- 30 जुलाई: झारखंड में ट्रेन हादसा



### चक्रधरपुर स्टेशन पहुंचे यात्री

हादसे के बाद राहत-बचाव अभियान में जुटी टीम ने 80 प्रतिशत यात्रियों को बस से चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा दिया है। बाकी बचे हुए यात्रियों को भी घटनास्थल से स्टेशन भेजने के लिए एक बचाव ट्रेन को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### मृतक के परिजनों को 10-10 लाख

हादसे में जान गंवाने वाले दो यात्रियों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी। मृत यात्रियों - ओडिशा के राउरकेला निवासी पी. बिकाश और अजीत कुमार सामल के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी गई। रेलवे ने हादसे में घायल हुए आठ यात्रियों को भी एक-एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी है।

### हेल्पलाइन नंबर

टाटानगर- 06572290324
चक्रधरपुर- 06587 238072
राउरकेला- 06612501072, 06612500244
हावड़ा- 9433357920, 03326382217
रांची- 0651-27-87115.
एचडब्ल्यूएच हेल्प डेस्क- 033-26382217, 9433357920
एसएचएम हेल्प डेस्क- 6295531471, 7595074427
केजीपी हेल्प डेस्क- 03222-293764
सीएसएमटी हेल्पलाइन ऑटो नंबर- 55993
पी एंड टी- 022-22694040
मुंबई- 022-22694040
नागपुर- 7757912790

## हरिभूमि को यात्रियों ने बताई आपबीती

# गहरी नींद में यात्रियों को लगा भूकंप जैसा झटका, खौफनाक मंजर देख हुए बेहोश



ललित राठोड़ ▶▶ रायपुर

हरिभूमि तत्काल

चक्रधरपुर रेलवे डिवीजन में बड़ाबम्बो रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार तड़के हावड़ा से मुंबई जा रही 12810 हावड़ा-सीएसएमटी मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में लगभग 2 यात्रियों की मौत, जबकि 50 लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि रेलवे की तरफ से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यह ट्रेन हावड़ा से मुंबई को जोड़ती है। इस ट्रेन में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज रद्द रहेंगी ये ट्रेनें

12262 हावड़ा –मुंबई एक्सप्रेस
18030 शालीमार – एलटीटी एक्सप्रेस
18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी जंक्शन)-टाटा एक्सप्रेस
12768 संतरागाछी- हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस
18109 टाटा - नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी जंक्शन) एक्सप्रेस
18113 टाटा –बिलासपुर एक्सप्रेस



### इनका रूट बदला

01. 30 जुलाई 18478 ऋषिकेश-पूरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग ईब - झारसुगुड़ा रोड होकर चलेगी।
02. 30 जुलाई 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नौगांव-मूरी – चांडिल-टाटा होकर चलेगी।
03. 30 जुलाई 12859 मुंबई –हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बाहर का मंजर देख सहम गए यात्री

यात्री ने हरिभूमि को बताया कि घटना के वक्त बाथरूम में गए यात्रियों को चोट आई। इसके अलावा झटके के कारण स्लीपर सीट का चेन भी निकल गया था। एक के ऊपर एक यात्री गिर पड़े। घटना के बाद जब ट्रेन के बाहर निकले, तो ट्रेन एक सूनसान जगह पर खड़ी थी। ट्रेन के 5 से 6 डिब्बे आपस में चढ़ गए थे। गति तेज होने के कारण बीच से मुड़ गए। कई डिब्बे आपस में बुरी तरह से सटे हुए थे। यह मंजर देखकर हर ▶▶ शेष पेज 4 पर

# स्टील उद्योगों को मिली छूट या जनता के पैसे की लूट, महंगी बिजली के नाम पर उद्योग बंद, साय बोले- बढ़ोतरी केवल 25 पैसे

- पिछली सरकार में करीब 4000 हजार करोड़ की राहत दी गई, लेकिन स्टील के दाम 34 हजार से 53 हजार हो गए थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि खास

प्रदेशभर में महंगी बिजली के विरोध में स्टील उद्योगों में तालाबंदी के आंदोलन के बीच बड़े खुलासे हो रहे हैं। पिछली सरकार के समय उद्योगों को करीब 4000 करोड़ रुपए की राहत स्टील उद्योगों को दी गई। इसकी भरपाई पॉवर कंपनियों ने की। पॉवर कंपनी को जो चार हजार करोड़ का घाटा हुआ, उसके कारण इस साल के टैरिफ में हर वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली महंगी हो गई है। वहीं स्टील उद्योग ने जमकर मुनाफा काटा। स्टील के दाम 34 हजार से 53 हजार तक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हर साल 800 करोड़ का अतिरिक्त लाभ

4 वर्ष पूर्व छूट की दर 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने के कारण इन उद्योगों को मिलने वाली औसतन वार्षिक छूट लगभग 300 करोड़ रुपए से बढ़कर लगभग 1100 करोड़ रुपए हो गई थी। इस तरह, इन उद्योगों को लगभग 800 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का अतिरिक्त लाभ दिया गया था। इस राशि की बंदरबाट में किसको क्या लाभ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### किसके कहने पर दी 25 फीसदी की छूट

छत्तीसगढ़ के उच्चदाब स्टील उद्योगों को 4 वर्ष पहले अचानक खपत आधारित ऊर्जा प्रभार में दी जाने वाली छूट 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दी गई थी। वर्तमान में, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा अज्ञात कारणों से आश्चर्यजनक रूप से अचानक बढ़ाई गई छूट को ही न्यायोचित रूप से कम किया गया है। इससे उच्चदाब स्टील उद्योगों को मिलने वाला अतिरिक्त फायदा कम हो गया है जिसको लेकर वे गैर-वाजिब दबाव बना रहे हैं। पूर्व में वर्ष 2021-22 में टैरिफ आदेश जारी करते समय लोड फैक्टर छूट, अधिकतम 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया था, जबकि पॉवर कंपनी द्वारा इस प्रकार का कोई भी प्रस्ताव नियामक आयोग को नहीं भेजा गया था। इस तरह विगत माह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चार हजार करोड़ की बड़ी गड़बड़ी : पीएन सिंह

बिजली नियामक आयोग के पूर्व सचिव पीएन सिंह का कहना है, लोड फैक्टर में छूट के खेल के कारण पॉवर कंपनी को चार साल में चार हजार करोड़ से ज्यादा का घाटा हुआ है। इस गड़बड़ी का लगातार हमारे रिटायर पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने विरोध भी किया, लेकिन नियामक आयोग में हमारी बात नहीं मानी गई।

### भूपेश बोले- वृद्धि वापस हो

स्टील उद्योग के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की और उनको जानकारी दी। इसके बाद श्री बघेल ने कहा, प्रदेश सरकार को उद्योगों को राहत देने के लिए बिजली की कीमत में की गई वृद्धि को वापस लेना चाहिए।

## भारत ने जीता दूसरा पदक...

- **02** कांस्य पदक भारत को
- **02** कांस्य पदक मनु भाकर के व्यक्तिगत
- **10** मी. एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा जीती
- **16** अंक हासिल करने पर मिलता है पदक
- **05** राउण्ड दक्षिण कोरिया ने जीते



**16-10** से दक्षिण कोरिया को हराया | **08** राउण्ड भारत ने जीते | 2019 जूनि. वर्ल्ड चैम्पियनशिप में सरबजोत ने जीता था स्वर्ण

शेटराऊ। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने अपना दूसरा पदक जीत लिया है। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित निशानेबाजी स्पर्धा में मनु भाकर ने अपने जोड़ीदार सरबजोत सिंह के साथ दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराकर कांस्य पदक भारत के नाम किया है। मनु एक ओलंपिक में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। इससे पहले उन्होंने एकल स्पर्धा का भी कांस्य पदक जीता था।

## बैकुंठपुर में दर्दनाक घटना

# पानी समझ कर मासूम ने पी ली शराब, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

घर में खेल रही मासूम में कमरे में रखे शराब को पानी समझ कर पी ली, जिससे मासूम गंभीर हो गई। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम बैकुंठपुर निवासी साढ़े तीन वर्षीया सरिता आ. राम सेवक सोमवार की सुबह 7.30 बजे घर में खेल रही थी जबकि मां



मृतक के परिजन।

सावित्री काम कर रही थी। इसी दौरान बच्ची बगल के रिश्तेदार के कमरे में गई, जहां बोतल में भरे शराब हो पानी समझ कर पी लिया। शराब पीने के बाद नशा होने पर बच्ची मां के पास आई और स्नान कराने की बात कही। मां जैसे ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

## धमधा के छै आगर छै कोरी तालाबों का अस्तित्व संकट में

# मिट्टी से पाटकर तालाबों को बना दिया खेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि लाइव आठवीं किस्त

छै आगर छै कोरी यानी 126 तालाबों के नाम से प्रसिद्ध धमधा में तालाबों का अस्तित्व संकट में है। यहां के 30 सरकारी तालाबों को लोगों ने पाटकर खेत बना लिया है। शासन से इन्हें खाली कराने की गुहार लगाई गई है, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उल्टे स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन का अमला नगर के अच्छे तालाबों में कूड़ा-कचरा डालकर उन्हें पाटने पर तुला हुआ है। राजधानी से 40 किलोमीटर दूर ▶▶ शेष पेज 4 पर





### नपं ही खुद पाट रहा धमधा के तालाबों को

धमधा के मुख्य बस स्टैंड के पीछे बड़ा तालाब है, जिसे देवनवा तालाब के नाम से जाना जाता है। इसके पार में नगर पंचायत के सफाई कर्मी लगातार कूड़ा-कचरा डाल रहे हैं। गंदगी और प्लास्टिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सौंदर्यीकरण के नाम पर सिकुड़ रहे तालाब

नगरीय निकायों से तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए जो फंड जारी किया गया है, उससे तालाबों का उद्धार नहीं हो रहा। फंड मिलने के बाद नगर पंचायत जल्दीबाजी में रकम खर्च कर दी गई है। तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए पहले न तो उसका सीमांकन कराया गया और न ही तालाब के अवैध कब्जे को हटाने के लिए प्रयास हुए। हाल ही में नगर पंचायत ने उज्जुरवा तालाब, चौखड़िया तालाब और टार तालाब में सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन उनके पार में हुए अवैध कब्जों को नहीं हटाया गया, जिससे तालाब सिकुड़ते जा ▶▶ शेष पेज 4 पर

## चिंतन

# संसद में भाषा की मर्यादा बनी रहे, आलोचना भी तथ्यों पर हो

संसद में बहस की भाषा का स्तर बना रहे, तो यह लोकतंत्र की गरिमा को मजबूत करेगा। लोकसभा अध्यक्ष को यह सुनिश्चित करनी चाहिए कि कोई सांसद भाषा की मर्यादा न लांघें। एक दिन पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हलवा सेरेमनी को लेकर जिस तरह जातिगणना टिप्पणी की, वह अस्वीकार्य है। हलवा सेरेमनी लंबे समय से देश की बजटीय परंपरा है, उसमें शामिल अफसरों का चयन किसी जातिगत पृष्ठभूमि के चलते नहीं होता है। यह बात कांग्रेस को भी पता है। राहुल गांधी इंडिया की सफलता से उत्साहित हैं, पहली बार विपक्ष के नेता की भूमिका लोकसभा में निभा रहे हैं, तो इस उत्साह का मतलब यह नहीं सदन में अनर्गल प्रलाप करें। अभिमन्यु के चक्रव्यूह तोड़ने के बहाने नियम तोड़ कर सदन की मर्यादा का उल्लंघन करना ठीक नहीं है। सही तथ्यों को सही परिप्रेक्ष्य में संसद में रखेंगे, तो राहुल अपनी बात अधिक प्रभावी तरीके से रख पाएंगे। केवल राजनीतिक हेडलाइन बनाने के लिए कहीं का ईंट कहीं का रोड़ा जोड़ेंगे, तो जनता अनदेखा कर देगी। ऐसे ही आज लोकसभा में बहस के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा, अनुराग ने कहा कि 'जिनकी जाति का पता नहीं, वे जातिगत जनगणना की बात करते हैं।' संसद में ऐसी व्यक्तिगत भाषा की अनुमति नहीं दी सकती है। लोकसभा अध्यक्ष को यह देखना चाहिए कि सदन में असंसदीय, अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल नहीं हो, ऐसा कोई करें, तो उन्हें सजा दी जानी चाहिए। जब तक लोकसभा अध्यक्ष समान भाव से कड़ा रुख नहीं अपनाएंगे, संसद में बहस की भाषा का स्तर नहीं सुधरेगा। राहुल गांधी के आरोपों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का तथ्यों के आधार पर जवाब विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता है। केंद्रीय बजट केंद्र सरकार का है, देश के विकास का बजट है, राज्यों के आवंटन का बजट नहीं है। इसलिए बजट भाषण के दौरान किसी राज्य की योजनाओं का जिक्र करने का मतलब यह नहीं है कि बजट में दूसरे राज्यों के विकास प्रोजेक्ट नहीं है। बजट में सभी राज्यों का ध्यान रखा जाता है। बजट को लेकर कांग्रेस का आरोप तथ्यों से बहुत दूर है, केवल राजनीतिक आरोप है। राहुल गांधी जाति जनगणना को लेकर लगातार बोल रहे हैं, तो जाति जनगणना किसी समस्या का समाधान नहीं है। पूर्व में किए गए सेंशस में जातिगत आंकड़े पहले से ही सरकार के पास है। नए सिरे से कराने के बाद भी इसका सामाजिक व आर्थिक फायदा नहीं होगा, बल्कि राजनीतिक विभाजन बढ़ेगा। काका कालेलकर कमीशन की रिपोर्ट व 1980 में मंडल कमीशन की रिपोर्ट को कांग्रेस सरकार ने अपने समय दरकिनार कर दिया। राजीव गांधी ने प्रोमोशन में आरक्षण का वैचारिक विरोध किया था। राजीव गांधी फाउंडेशन व राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट के बोर्ड में एक भी एससी नहीं है। राहुल को कांग्रेस के अतीत के तथ्यों का पता होना चाहिए। 21वीं सदी में जाति व्यवस्था खत्म होने की बात होनी चाहिए। देश में जातिगत विभाजन को हवा देने से किसी का भला नहीं होने वाला। दूसरी बात जब राहुल गांधी की पार्टी की केंद्र में सरकार आएगी, तब वे अपनी इस इच्छा की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं, संसद में यूं ही प्रलाप से समय ही जाया हो रहा। सरकार ने विकासोन्मुख व दूरदर्शी जरूरतों को केंद्र में रखकर बजट पेश किया है। विपक्ष को इसकी आलोचना का हक है, पर वह अगर तथ्यों पर हो तो अधिक समीचीन होगी।



जयंती आज
परदेशीराम वर्मा

# यथार्थवादी अमर कथाकार प्रेमचंद

प्रेमचंद की लगभग 300 कहानियां प्रकाश में आईं। उन्होंने हिन्दी कथा साहित्य को ठोस धरातल पर खड़े होने का संस्कार दिया। उनके पूर्व के कथाकार कल्पना और रहस्य पर आधारित कहानियां लिखते रहे। प्रेमचंद के बाद कहानियां लगातार जीवन के यथार्थगत संघर्षों से जुड़कर आगे गईं। प्रेमचंद ने सतत विकास किया। 1916 से 1936 तक उन्होंने लगातार श्रेष्ठ से श्रेष्ठतर कहानियों का लेखन किया । यही वह समय है जब देश की आजादी की लड़ाई भी तीव्र से तीव्रतर होती चली गई । प्रेमचंद ने उस दौर में ऐसी कहानियां लिखी जिसे हम आज भी पढ़ते हैं तो लगता है कि यह हमारे ही समय के द्वन्द्व को उद्घाटित करने के लिए लिखी गई हैं ।

प्रेमचंद ने कर्मभूमि में लिखा है - 'जीवन में यथार्थ का महत्व आदर्श से जौ भर भी कम नहीं।' वे यथार्थ को लेखन का विषय बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत कर गए। इसीलिए साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया। सही दर्पण में सच्ची प्रतिच्छवि दिखती है। उनकी कहानी ठाकुर का कुंआ, सद्गति, पूस की रात, सवा सेर गेहूँ, कफन और उपन्यास गोदान में सामंती शोषण, जातीय कट्टरता, दमन, अमानवीय व्यवहार और जड़ता पर चोट है। दूसरी तरफ गुल्ली डण्डा, बड़े भाई साहब, पंच परमेश्वर, नमक का दरोगा, ईदगाह, मंत्र, सुजान भगत जैसी कहानी और गबन जैसा उपन्यास है, जिसमें जीवन के विविध रंगों के सजीव और प्रेरक चित्रण के साथ नसीहत है। मनुष्यता की जीत और सद्भाव का महत्व इन कहानियों में है तो गबन में स्त्री के आभूषण प्रेम को केन्द्र में रखकर रची गई कथा है। अति से विनाश की शुरूआत होती है। लालच, स्वार्थ, दिखावा, अंहकार आदमी को छोटा करता है। मनुष्य क्षमा, प्रेम और सहयोग से बड़ा बनता है, यह संदेश इन कहानियों में है।

एक अलग रंग घासवाली जैसी कहानियों का भी है। यह स्त्री के आन-बान की कहानी है। जातीय चौखटे में कैद समाज की सड़न पर भी इसमें चोट है। प्रेमचंद जिस समय गोदान लिख रहे थे और जिस दौर में वे कफन जैसी कहानी लिख रहे थे ठीक उसी काल में छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान के लिए लड़ने वाले पुरोधा डॉ. खूबचंद बघेल जातीय कट्टरता के खिलाफ नाटक ऊंच-नीच लिखकर उसे खेल भी रहे थे। 1933 में गांधी जी छत्तीसगढ़ आये थे। तब चंदखुरी गांव के समृद्ध व्यक्ति श्री बर्छिहा जी और डॉ. खूबचंद बघेल के तमाम साथी समतावादी समाज के लिए जीवन न्यौछावर करने का संकल्प लेकर मैदान में उतर गए। बर्छिहा ने अपने गांव के सतनामियों की दाढ़ी स्वयं बनाकर सिद्ध किया कि सब मनुष्य बराबर हैं। नाई केवल सवर्णों की दाढ़ी क्यों बनाएं? उनके इस कदम से कुपित कूर्मि समाज ने उन्हें बहिष्कृत कर दिया। तब डॉ. खूबचंद बघेल नाटक का तोप लेकर गांव पहुंच गए। पंडित रविशंकर शुक्ल, महंत लक्ष्मी नारायण दास की उपस्थिति में जातिवादी जड़ता के खिलाफ लिखा गया नाटक ऊंच-नीच खेला गया और चमत्कार हो गया। गांव वालों ने संदेश को समझकर बर्छिहा को पुनः मुख्यधारा में ले लिया। इस तरह छत्तीसगढ़ में जहां पंडित सुन्दरलाल शर्मा ने सतनामियों को मंदिर प्रवेश करवाया वहीं डॉ. खूबचंद बघेल ने समतावादी छत्तीसगढ़ी समाज रूपी मंदिर की गरिमा को बनाये रखने का संदेश दिया। डॉ. बघेल और पंडित सुन्दरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ी समाज की भीतरी ताकत को समझने वाले विशेषज्ञ थे। ठीक उसी तरह पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी विश्व-साहित्य के विशेषज्ञ, अंग्रेजी के उद्भट विद्वान और छत्तीसगढ़ी जीवन के अमूल्य सूत्रों को रेखांकित करने वाले महान लेखक थे। इसीलिए वे हृदय में जलने वाले स्नेह दीप की महिमा गाते हुए 'झलमला' लिख सके। छत्तीसगढ़ महतारी का समग्र चित्र खींचकर कारी का सृजन कर सके।

हमारा छत्तीसगढ़ सद्भाव का द्वीप है। यहां घीसू-माधव जैसे अभागे लोग नहीं रहते। उन पर इतना दमन



यहां नहीं हुआ कि मनुष्य होने की चेतना ही विलुप्त हो जाय। उनके जीवन में ऐसा रीतापन नहीं आया कि वे कफन के पैसे से खा-पीकर बेसुध हो जायं। छत्तीसगढ़ के किसी ठाकुर के कुँए से मरणासन्न पति के लिए डोलची भर पानी निकालना इतना भयकारी, कभी नहीं रहा। यहां ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर की परंपरा के सहृदय ठाकुरों की बस्तियां सदैव आबाद रहीं। यहां रतीराम गौंटिया जैसे सतनामी रत्न जन्में जिन्होंने महादानी कहलाने का गौरव हासिल किया । सब कुछ दान देकर समाज में पर्वतदानी होने का सम्मान पाया। छत्तीसगढ़ की आंतरिक संरचना दूसरों से बिलग है। हिंसा और अतिरेक से बचता रहा है छत्तीसगढ़। अपने समय के दो महत्वपूर्ण लेखकों ने अपना अपना सच देखा और उसके पक्ष में वे खड़े हुए। प्रेमचंद भी विश्व साहित्य के जानकार थे और बख्शी जी भी। लेकिन लेखन के लिए दोनों ही अपनी जमीन पर आश्रित थे। प्रेमचंद अपने आसपास की दुनिया को आधारित कर कथानक खड़ा करते थे। यथार्थ पर आधारित कहानियों के लेखक प्रेमचंद विश्व में पूजे जाते हैं। ठीक उसी तरह हमारे छत्तीसगढ़ के वंदनीय रचनाकार बख्शी जी का डंका बजता है। शिक्षक प्रेमचंद के स्कूल में गांधी जी आये थे। उनसे प्रभावित होकर ही उन्होंने नौकरी छोड़ी थी। प्रेमचंद गांधीवाद, मार्क्सवाद के साथ ही उस दौर के प्रभावी विचारकों से भी प्रभावित रहे। बख्शी जी डॉ. खूबचंद बघेल द्वारा 1956 में गठित छत्तीसगढ़ी किसान सभा में पदाधिकारी बनाए गये। इस तरह दो बड़े साहित्यकार अपने समय के बड़े नेतृत्वकर्ता से प्रभावित थे तो उस दौर के सर्वमान्य नेतृत्वकर्ता भी ऐसे साहित्यकारों के प्रशंसक थे। राजनीति और साहित्य का संबंध सदैव अधिक कम होता दिखता है, मगर राजनीति अगर प्रभावी है तो साहित्य भी सर्वव्यापी है। इसलिए दोनों की निर्णायक शक्तियां कभी अधिक मिलती सी दिखतीं हैं तो कभी दोनों में खिंचाव सा भी दीख पड़ता है। पाखंड और नकली जीवन, दिखावे की सिद्धांतप्रियता कभी किसी सही दृष्टि वाले व्यक्ति को अच्छी नहीं लगती। लेखक इसका विरोध और अधिक तीव्रता से करता है। विसंगति के विरोध की कला ही सफल लेखन की अनिवार्य शर्त है। जहर से अमृत बनाने की कला साधने वाले ही बड़े लेखक होते हैं। प्रेमचंद ने 'गोदान' में लिखा है, 'अन्याय ने मानव जाति में विद्रोह की भावना उत्पन्न करके समाज का उपकार किया है।'

प्रेमचंद की लगभग 300 कहानियां प्रकाश में आईं। उन्होंने हिन्दी कथा साहित्य को ठोस धरातल पर खड़े होने का संस्कार दिया। उनके पूर्व के कथाकार कल्पना और रहस्य पर आधारित कहानियां लिखते रहे। प्रेमचंद के बाद कहानियां लगातार जीवन के यथार्थगत संघर्षों से जुड़कर आगे गईं। प्रेमचंद ने सतत विकास किया। 1916 से 1936 तक उन्होंने लगातार श्रेष्ठ से श्रेष्ठतर कहानियों का लेखन किया । यही वह समय है जब देश की आजादी की लड़ाई भी तीव्र से तीव्रतर होती चली गई । प्रेमचंद देश की धड़कन सुनने वाले सपूत थे। उन्होंने उस दौर में ऐसी कहानियां लिखी जिसे हम आज भी पढ़ते हैं तो लगता है कि यह हमारे ही समय के द्वन्द्व को उद्घाटित करने के लिए लिखी गई हैं। वे आदर्शवाद, देश प्रेम, समाज सेवा, सच्चाई के चिरंतन मूल्यों पर आधारित सैकड़ों कहानी लेखन के बाद क्रमशः पूस की रात, सवासेर गेहूं और अंत में कफन जैसी कहानी तक आये। मैंने उनकी हर रंग की कहानी को इस संग्रह में रखने का प्रयास किया है। प्रेमचंद के विकास क्रम के पड़ावों से इन कहानियों के माध्यम से हम परिचित होते हैं। अंततः सच्चाई की जीत होती है इस मान्यता पर केंद्रित कहानी पंच परमेश्वर है तो बूढ़ी काकी कहानी भी है, जिसमें बुढ़ापे की विवशता का मार्मिक चित्रण है। इस कहानी का अंत प्रेमचंद के आदर्शवादी चिंतन को प्रमाणित करता है कि मनुष्य के भीतर स्थित नेकी और सहृदयता का मूल संस्कार चमककर जब सामने आता है तो वह राक्षस से देव बन जाता है। प्रेमचंद की रचनाएं हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी।

(लेखक साहित्य साधक व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पर्यटन बजट
प्रमोद भार्गव



# मालदीव के समान अंडमान निकोबार में हो रहा विकास

भारत अपने समुद्र तटीय क्षेत्रों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए अंडमान निकोबार को विकसित कर रहा है। यहां हो रहे बहुआयामी विकास को इस तरह से अमल में लाया जा रहा है कि समुद्री द्वीप मालदीव की तुलना में अंडमान दुनिया का वैश्विक पर्यटन स्थल बन जाए। संभवतः इस दूरगामी सोच के चलते ही इस बार के केंद्रीय बजट में भारत की पड़ोसी प्रथम नीति के अनुरूप मालदीव पर खर्च की जाने वाली राशि को पिछले साल की तुलना में 770 करोड़ से घटाकर 400 करोड़ कर दिया है, जबकि भूटान को विकास संबंधी मदद के लिए सर्वाधिक 2068 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। मालदीव को आवंटित की जाने वाली राशि में कटौती ऐसे समय की गई है, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों देशों के संबंध में तनाव बना हुआ है।

दूरांचल में समुद्र तटीय क्षेत्रों में भारत विकास की दृष्टि से पीछे रहा है। उन तटीय क्षेत्रों पर भी हमने ध्यान नहीं दिया, जो देश के लिए नई आर्थिकी और चीन जैसे धोखेबाज देश से चुनौती के लिए सामरिक दृष्टि से अहम हो सकते हैं। महान निकोबार अर्थात अंडमान-निकोबार द्वीप समूह इस नाते अछूता है। इस परिप्रेक्ष्य में हम इस क्षेत्र को एक तो प्रसिद्ध सेल्यूलर जेल के नाम से जानते हैं, जो अब राष्ट्रीय स्मारक है। दूसरे उन जनजातियों के लिए जानते हैं, जो आज भी भारत की मुख्यधारा का हिस्सा नहीं बन पाई हैं। नतीजतन अपनी परंपरागत प्राकृतिक अवस्था में रहकर प्रकृति से ही गुजर-बसर कर रही हैं। किंतु अब इस उपेक्षित क्षेत्र की तस्वीर बदलने जा रही है। सिंगापुर की तर्ज पर निकोबार के तट का विकास केंद्र सरकार बड़ी मात्रा में धन का निवेश करके 'महान निकोबार द्वीप परियोजना' (जीएनआई) के अंतर्गत कर रही है। 75 हजार करोड़ की इस बृहद परियोजना के तहत कई परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने की तैयारी है।

रामायण काल में हंडूकमान नाम से जाने, जाने वाला निकोबार द्वीप समूह 10 हजार 44 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। बंगाल की खाड़ी में पोत परिवहन को नया आयाम देते हुए 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से एक पोतांतरण बंदरगाह (ट्रांसशिपमेंट पोर्ट) का निर्माण करने की योजना प्रस्तावित है। यह बंदरगाह विकास से जुड़ी गतिविधियों के बड़े केंद्र के रूप में विकसित होगा। विकास के इसी क्रम में चेन्नई से अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तक तेज इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने वाली देश की पहली समुद्री ऑप्टिकल फाइबर परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 अगस्त 2022 को कर चुके हैं। देश की मुख्यभूमि से 2312 किमी दूर तक तार को समुद्री जल के भीतर बिछाया गया है। इस कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य में 1224 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इससे इस द्वीप समूह को बेहतर और सस्ती ब्रॉडबैंड संपर्क सुविधा हासिल होगी। इस बंदरगाह को समुद्री जल मार्ग की गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। बदलती जरूरतों के परिप्रेक्ष्य में पूरी दुनिया यह मानकर चल रही है कि जिस देश में हवाई अड्डों और बंदरगाहों का नेटवर्क और संचार कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, इक्कीसवीं सदी के व्यापार में वही देश अग्रणी रहेंगे। ऐसे में इस दूरांचल में ढांचागत सुविधाएं बढ़ेंगी तो अंचल का विकास तो होगा ही, अन्य भारतीयों से समरसता भी बढेगी। भारत सरकार को उम्मीद है कि आने वाले तीन-चार साल में इस बंदरगाह का पहला चरण पूरा हो जाएगा।

एक बार जब यह बंदरगाह बन जाएगा तो यहां बड़े-बड़े देशी-विदेशी जहाज भी रुकने लगेंगे ? इससे समुद्री व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ेगी और युवाओं को नए रोजगार पैदा होंगे। अकुशल मजदूरों को भी काम-धंधा मिलेगा। इस द्वीप पर विकसित किए जा रहे माल-परिवहन के दो रणनीतिक कंटेनर पोतांतरण टर्मिनल के दो भौगोलिक फायदे होंगे। पहला, यह व्यस्त पूर्वी-पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय जहाजरानी मार्ग के निकट है। अतएव शुरू होने के बाद यह पोतांतरण की बेहतर सुविधा देगा, नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दूसरे, इस क्षेत्र में आधुनिक ढंग से निर्मित जहाजों से माल उतारने-चढ़ाने की सुविधाएं बंदरगाह पर उपलब्ध होंगी, इस कारण बड़े जहाजों की आवाजाही बढ़ेगी। फिलहाल भारत के ज्यादातर बंदरगाहों पर बड़े जहाज बंदरगाह के प्लेटफॉर्म तक नहीं पहुंच पाते हैं। ये जलपोत गहरे समुद्री जल में ही चल पाते हैं, इसलिए उथले या कम गहराई वाले बंदरगाहों के प्लेटफॉर्म तक नहीं जा पाते। नतीजतन इन जहाजों को गहरे जल में ही खड़ा रखना पड़ता है। अतएव छोटे जहाजों में माल उतार व लादकर गंतव्य तक पहुंचने का अतिरिक्त श्रम करना होता है। इस प्रक्रिया में खर्च बढ़ जाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भक्ति से चुनौतियों से लड़ने की मिलती है शक्ति



संकलित
**दर्शन**

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हादसा चिंता का विषय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में एक बहुत दुखद हादसा हुआ है। पुराने राजेंद्र नगर में स्थित एक कोचिंग सेंटर में, जोकि बेसमेंट में था, पानी भरने से कुछ छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। छात्रों ने बताया कि कुछ ही पलों में पानी छात्रों की जान का दुश्मन बन गया। इस हादसे ने फिर सरकार और प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल तो यह है कि आखिर इस कोचिंग सेंटर का निर्माण इस तरह क्यों नहीं किया गया कि वहां बारिश का पानी नहीं घुस पाता। हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी जहरीली और गहरी हो चुकी हैं कि लोग दूसरों की जान की परवाह भी भ्रष्टाचार में अंधे होकर नहीं करते। इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

*- सोहन मरकाम, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# जीत के बाद हैरिस से चेन्नई आने का आग्रह

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार कमला हैरिस के प्रचार अभियान के लिए चंदा एकत्र करने वाले एक भारतीय अमेरिकी ने देश की उपराष्ट्रपति से आग्रह किया है कि यदि वह आम चुनाव में राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो वह अपने ननिहाल चेन्नई की यात्रा करें। हैरिस (59) अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार हैं। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के इस दौड़ से हटने के बाद पिछले सप्ताह राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि, अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन्हें अपना आधिकारिक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। 'एशियन अमेरिकन पैसिफिक आइलैंडर्स' (एएपीआई) 'विक्ट्री फंड' के अध्यक्ष एवं संस्थापक शेखर नरसिम्हन ने एक साक्षात्कार में कहा, 'अगर वह चुनी जाती हैं, तो मैं दबाव डालते हुए कहूंगा, 'चलिए, भारत चलते हैं। आपको चेन्नई जाना होगा। आप दिल्ली जा सकती हैं। दिल्ली जाना अच्छा है, लेकिन हमें चेन्नई भी जाना होगा'। चेन्नई हैरिस की मां श्यामला गोपालन का गृहनगर था। गोपालन 16 साल की उम्र में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चली गई थीं। हैरिस बचपन में अक्सर चेन्नई जाया करती थीं और वहां से उनकी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं।



## ऑफ बीट

# 'मेटाक्राइम' क्या हैं- और हम उन्हें कैसे रोक सकते हैं?

एप्पल विजन प्रो आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए त्रि-आयामी, इमर्सिव ऑनलाइन वातावरण तक पहुंचने का सबसे नया उपकरण है, जिसे मेटावर्स के रूप में भी जाना जाता है। इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में जारी किया गया, यह उपयोगकर्ताओं को अपने लिविंग रूम से सवाना में (आभासी) सैर करने, एक गहन वातावरण में कोई मैच देखने या यहां तक कि एक आभासी निरीक्षण पूरा करने के बाद एक घर खरीदने की सुविधा देता है। लेकिन इन नए ऑनलाइन वातावरणों में नए अपराधों को सक्षम करने की भी क्षमता है। मेटाक्राइम वे अपराध हैं जो मेटावर्स में घटित होते हैं। वे डिजिटल क्षेत्र में अपराधों की हमारी परिभाषाओं को चुनौती देते हैं, क्योंकि वे अपराध की रिपोर्टिंग और जांच के मौजूदा ढांचे में फिट नहीं बैठते हैं। हमारा नया अध्ययन मेटाक्राइम की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालकर इस समस्या से निपटता है। और इन अपराधों को बेहतर ढंग से समझकर हम उनसे बेहतर ढंग से लड़ सकेंगे। मेटावर्स, मेटाक्राइम और साइबर क्राइम मेटावर्स एक ढीला शब्द है जो एक प्रकार की त्रि-आयामी, आभासी दुनिया का वर्णन करता है जिसे उपयोगकर्ता आभासी वास्तविकता हेडसेट के माध्यम से एक्सेस करते हैं। 2018 की फिल्म रेडी प्लेयर वन मेटावर्स कैसा दिख सकता है इसके बारे में एक अच्छी तस्वीर पेश करती है।




## ट्रेंड

### मनु व सरबजोत को बधाई



हमारे निशानेबाज हमें गौरवान्वित करते रहेंगे। बधाई हो मनु भाकर और सरबजोत सिंह को ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए। इन दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जाति गणना हकीकत बनेगी



आज संसद में जब मैंने जातिगत जनगणना की बात उठाई तो वित्त मंत्री ने हंस कर इस गंभीर विषय का उपहास किया। हम हर कीमत पर जातिगत जनगणना को हकीकत बना कर न्याय दिलाएंगे। इंडिया देश का एक्सरे सामने ला कर रहेगा।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### मिट्टी स्वास्थ्य के लिए अच्छी



पारंपरिक फसल की किस्में मानव स्वास्थ्य और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए अच्छी हैं - असंख्य मिट्टी के सूक्ष्म जीव जो हमारे लिए फसल उगाना संभव बनाते हैं। अधिक से अधिक किसान पारंपरिक चावल की किस्मों को लाभप्रद रूप से पुनर्जीवित कर रहे हैं, ऐसे सभी लोगों को बधाई।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### बधाई मनु भाकर



बधाई हो मनु भाकर, एक ही ओलंपिक स्पर्धा में दो ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बनने के लिए। आपने न केवल दो पदक जीते हैं बल्कि लाखों महिलाओं को नए सपने भी दिए हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# 10 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म 'फतेह'...

**मुंबई।** 30 जुलाई को अभिनेता सोनू सूद ने अपना 51वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उन्होंने अपने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'फतेह' की रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया है। 'फतेह' 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए सूद ने लिखा, 'देश की सर्वश्रेष्ठ एक्शन फिल्म के लिए तैयार रहें।' इसके साथ ही सोनू सूद ने 'फतेह' के कई नए पोस्टर भी जारी किए, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। 'फतेह' एक साइबर क्राइम थ्रिलर फिल्म है। सोनू सूद के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है।

लाइफ Style

# जाह्नवी

## तिरुपति है ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं अभी अपनी जिंदगी में बहुत खुश हूं। न तो मेरे पास और न ही उनके पास अभी शादी करने का समय है।' जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है।

जाह्नवी कपूर, शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। जाह्नवी ने ऑफिशियली ये बात कन्फर्म नहीं की है, लेकिन शिखर के नाम का लॉकेट पहनकर उन्होंने बिना कुछ कहे इस बात पर मुहर लगा दी है।

जाह्नवी ने इंटरव्यू में बताया कि वह डेस्टिनेशन वेडिंग करना चाहती हैं और उनका ड्रीम वेडिंग डेस्टिनेशन तिरुपति है। ऐसे में जाह्नवी से पूछा गया कि क्या वह जल्द शादी के बंधन में बंधने वाली हैं? जाह्नवी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'मैं अभी अपनी जिंदगी में बहुत खुश हूं। न तो मेरे पास और न ही उनके पास अभी शादी करने का समय है।' जाह्नवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है।

वहीं 2 अगस्त के दिन सिनेमाघरों उनकी फिल्म 'उलझ' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मेयांग चांग के अलावा आदिल हुसैन, जितेंद्र जोशी और राजेंद्र गुप्ता हैं।



हॉलीवुड मसाला



# रूसो ब्रदर्स के बैनर तले होगा निर्माण

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के हीरो रॉबर्ट डाउनी जूनियर और रूसो ब्रदर्स एक बार फिर से साथ में काम करने के लिए तैयार हैं। रूसो ब्रदर्स ने एमसीयू के लिए एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर और 'एवेंजर्सः एंडगेम' जैसी दो सबसे सफल फिल्में निर्देशित की थीं। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने रूसो ब्रदर्स के साथ 'एवेंजर्स डूम्सडे' के लिए फिर से हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एंथनी और जो रूसो को मार्वल 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'एवेंजर्सः सीक्रेट वॉर्स' निर्देशित करने के लिए $80 मिलियन (भारतीय मुद्रा के हिसाब से करीब 669 करोड रुपए) दे रहे हैं।



# जेनिफर 'द मॉर्निंग शो' की शूटिंग में बिजी...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री और 'फ्रेंड्स' फेम जेनिफर एनिस्टन इन दिनों अपनी आगामी सीरीज 'द मॉर्निंग शो' की शूटिंग कर रही हैं। मैनहट्टन में रविवार को शूटिंग के दौरान वह तेल में लिपटी हुई दिखाई दीं। एनिस्टन को चिपचिपे, टार जैसे पदार्थ में भीगते हुए देखा गया। इस दौरान वह बेहद गुस्से मे दिखाई दीं। क्योंकि, उनके पूरे कपड़े खराब हो गए थे। इस दौरान की उनकी तस्वीर वायरल हो रही है। जेनिफर एनिस्टन को इस हालत में देखने के बाद उनके फैंस चिंतित हो गए। मगर आपको बता दें कि जिस सीन की जेनिफर एनिस्टन शूटिंग कर रही थीं, उसमें उनके किरदार एलेक्स को प्रदर्शनकारियों ने घेर लिया था और उन पर तेल फेंक दिया था। अभिनेत्री मैनहटन में 'द मॉर्निंग शो' सीरीज के आखिरी सीजन के लिए शूटिंग कर रही हैं।



# तीन शादी करना चाहती हैं अनन्या

**नई दिल्ली।** अनन्या पांडे कुछ दिनों पहले अंबानी परिवार के फंक्शन में बिल्कुल मस्ती के मूड में नजर आईं। वह बारात में डांस करने से लेकर, संगीत की परफॉर्मेंस के दौरान काफी एंजॉय करती दिखीं। इस बीच अब एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह अपने वेडिंग प्लान्स के बारे में बात करती हैं। अनन्या कहती हैं कि वह एक नहीं, बल्कि 3 शादी करना चाहती हैं।

दरअसल, शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स के एक एपिसोड के दौरान जब अनन्या के पैरेंट्स चंकी और भावना पांडे 25वीं सालगिरह पर दोबारा शादी करने का प्लान करते हैं तो तब शनाया कहती हैं कि मुझे लगता है कि हमारे फ्रेंड ग्रुप में अनन्या, शनाया और सुहाना खान से पहले शादी करेंगी।



# 'थलाइवर...' के लिए मारी से मिलाया हाथ

**मुंबई।** रजनीकांत अपनी 174वीं फिल्म के लिए फिल्म निर्माता मारी सेल्वराज के साथ हाथ मिला रहे हैं, जिसका संभावित नाम 'थलाइवर 174' है। सोशल मीडिया पर खबरें हैं कि रजनीकांत अपनी 174वीं फिल्म के लिए निर्देशक मारी सेल्वराज के साथ काम करेंगे, जो अपनी हिट फिल्मों 'परियेरम पेरुमल', 'कर्णन' और 'ममन्नन' के लिए जाने जाते हैं। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का अस्थायी शीर्षक 'थलाइवर 174' है। रजनीकांत के पास अभी लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' और उनकी 173वीं परियोजना 'जेलर 2' है, जो नेल्सन द्वारा निर्देशित ब्लॉकबस्टर एक्शन थ्रिलर जेलर की अगली कड़ी है। इन फिल्मों की शूटिंग पूरी करने के बाद रजनीकांत 'थलाइवर 174' पर काम शुरू करेंगे।

टीवी मसाला

# 'लाफ्टर शेफ्स' शो में होगी अनिरुद्धाचार्य महाराज की एंट्री

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' लगातार लोगों के बीच लोकप्रिय होता जा रहा है। नए-नए मेहमानों की एंट्री और उनके साथ जमकर होने वाली मस्ती जनता को गुदगुदाने में कामयाब साबित हो रही है। इस शो में नया तड़का लगाते हुए अब मेकर्स



इसमें धर्म गुरु अनिरुद्धाचार्यजी की एंट्री कराने वाले हैं। अनिरुद्धाचार्य जी महाराज पिछले कुछ वक्त से सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। कथा वाचन के दौरान की उनकी क्लिप को रील बनाकर फैंस खूब शेयर करते हैं और अब देखना होगा कि इस कॉमेडी शो में अनिरुद्धाचार्य जी महाराज की एंट्री के बाद क्या नया मसाला एड होता है। सीरियल की टाइमिंग में 1 अगस्त से बदलाव किया गया है और अब दर्शक यह शो हर गुरुवार और शुक्रवार को रात 10 बजे एन्जॉय कर पाएंगे। यह टाइमिंग दर्शकों को प्री-वीकेंड पर डिनर के वक्त बढ़िया कॉमेडी डोज देने का काम करेगी। यह शो 'द कपिल शर्मा शो' की तरह नए-नए मेहमानों की एंट्री और उनके साथ होने वाली जबरदस्त मस्ती के चलते लोकप्रिय होता जा रहा है। अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे धर्म गुरु की इसमें बतौर मेहमान एंट्री इसे नई हाइप दिलाने में मदद करेगी।

# शारवरी ने शुरू की 'अल्फा' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** फिल्म 'मुंजा' और 'महाराज' में अपने बेहतरीन अभिनय से लोगों का दिल जीत चुकीं अभिनेत्री शरवरी वाघ अब अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अल्फा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। शरवरी ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वह इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वाईआरएफ की स्पाई यूनिवर्स 'अल्फा' एक महिला प्रधान फिल्म होगी। इस फिल्म में शरवरी के अलावा आलिया भट्ट नजर आएंगी। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ दोनों ही सुपर एजेंट की भूमिका में दिखाई देंगी। बता दें फिल्म 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इसके पहले उन्होंने सीरीज 'द रेलवे मेन' का निर्देशन किया था, जो कि बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।



# 66 साल पहले आई दिलीप कुमार की इस फिल्म ने बना डाले थे कई बड़े रिकॉर्ड...

**नई दिल्ली।** दिलीप कुमार और वैजयंती माला ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। उनकी जोड़ी एक फिल्म ऐसी थी जिसमें दिलीप कुमार की उम्दा एक्टिंग तो दिखाई दी ही थी। इसके अलावा वैजयंती माला इस फिल्म में बला की खूबसूरत नजर आईं थीं। और, एक्टिंग के मामले में भी वो कहीं कम साबित नहीं हुई।फिल्म की कहानी रोमांच और ट्विस्ट से भरपूर थी। साथ ही फिल्म एक म्यूजिकल हिट भी थी। इस फिल्म में दिलीप कुमार का पुनर्जन्म दिखाया गया था। फिल्म दर्शकों की पसंद पर इस कदर खरी उतरी कि एक साथ ढेर सारे अवॉर्ड जीत डाले। इस फिल्म का रिकार्ड तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे 38 साल का लंबा वक्त लगा।



### पुनर्जन्म पर बेस्ड थी कहानी

दिलीप कुमार की ही फिल्म मधुमती पुनर्जन्म पर बेस्ड फिल्म थी। जिसमें वेजयंती माला की मौत हो जाती है। साथ ही दिलीप कुमार भी खत्म हो जाते हैं। लेकिन दिलीप कुमार को दूसरा जन्म मिलता है। तब उन्हें धीरे-धीरे पता चलता है कि वैजयंती माला की मौत एक हादसा नहीं, साजिश थी। उसके बाद वो अपने प्यार की मौत का बदला लेते हैं। इस दिलचस्प थीम पर आगे चलकर बहुत सी और रिवेंज स्टोरीज बनी थीं।

***फिल्म को मिले 9 अवॉर्ड :*** *दिलीप कुमार और वैजयंती माला की इस म्यूजिक कैमिस्ट्री वाली फिल्म का नाम है मधुमति। ये फिल्म रिलीज हुई थी साल 1958 में। आईएमडीबी ट्रिविया के मुताबिक फिल्म को उस वक्त 9 फिल्म फेयर अवॉर्ड मिले थे। ये अवॉर्ड बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर, बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर, बेस्ट डायलोग, बेस्ट आर्ट डायरेक्शन और बेस्ट सिनेमेटोग्राफी के लिए मिले थे। इसके बाद साढ़े तीन दशक से ज्यादा का साल बीत गया। तब कहीं जाकर फिल्म का ये रिकॉर्ड टूट सका। फिल्म रिलीज होने के करीब 38 साल बाद शाहरुख खान की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने सबसे ज्यादा फिल्म फेयर अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड तोड़ा। इस फिल्म को दस फिल्म फेयर अवॉर्ड मिले।*

***डेडपूल एंड वूल्वरिन ने 100 करोड़ी क्लब की ओर बढ़ाए कदम :*** *लॉस एंजिलिस। एक्शन और रोमांच से भरपूर सुपरहीरो फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन की शानदार अदाकारी से सजी इस फिल्म को भारतीय दर्शकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। तीन दिन में फिल्म ने टिकट खिड़की पर शानदार कमाई की है। रविवार को फिल्म की कमाई 50 करोड़ रुपए के पार चली गई।*

# अपने व्यवहार की वजह से शो से हाथ धो चुके हैं ये सितारे...

**मुंबई।** देश में टीवी का भी एक बड़ा दर्शक वर्ग है। टीवी शो को काफी पसंद भी किया जाता है। पहले टीवी को उतनी अहमियत नहीं दी जाती थी, लेकिन अब अमिताभ बच्चन, शाहरुख, सलमान आदि सितारों के टीवी पर काम करने की वजह से इसकी अहमियत काफी बढ़ गई है। फिल्म अभिनेताओं द्वारा अपने व्यवहार की वजह से फिल्में गंवाने की खबरें तो आए दिन आती रहती हैं, लेकिन टीवी पर भी कई ऐसे मौके आए हैं, जब कलाकारों को उनके व्यवहार की वजह से शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। आज हम बात करेंगे उन टीवी कलाकारों की, जिन्हें अपने व्यवहार की वजह से शो से बाहर कर दिया गया।



### आसिम रियाज

इस कड़ी में फिलहाल सबसे ताजा नाम है 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज का। आसिम इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी 14' में बतौर प्रतिभागी शामिल हुए थे। उनकी एक स्टंट के दौरान शो के निर्माताओं, प्रतिभागियों और मेजबान रोहित शेट्टी से तीखी बहस हो गई। उनके अनुचित व्यवहार के लिए उन्हें शो से बाहर कर दिया गया है।



### शहजादा धामी

शहजादा धामी टीवी पर लोकप्रिय शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से काफी मशहूर हुए थे। इस शो में वह अरमान के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके व्यवहार की वजह से शो के निर्माता राजन शाही ने बाहर का रास्ता दिखा दिया था। एक इंटरव्यू में राजन ने कहा था कि अभिनेता के गैर पेशेवर रवैया के कारण उन्हें बाहर किया गया है।



### जिया मानिक

जिया मानेक टीवी की दुनिया की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने साथ निभाना 'साथिया', 'जीनी और जूजू', 'तेरा मेरा साथ रहे' आदि कई शो में काम किया है। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू के रूप में वह काफी लोकप्रिय हो गई थीं। उन्होंने शो के निर्माताओं को बिना बताए एक डांस रिएलिटी शो का हिस्सा बन गई थीं, इस वजह से उनकी निर्माताओं से अनबन हो गई थी, जिस वजह से उन्हें इस शो से बाहर कर दिया गया था।



### प्रतीक्षा होनमुखे

प्रतीक्षा भी ये रिश्ता क्या कहलाता है में काम करती थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस शो से उनके नखरों को लेकर खबरें अक्सर बाहर आती थीं। उनकी और शहजादा के नखरों की वजह से दोनों को शो से बाहर कर दिया गया था।






## जैकेट के शेष

### केरल में खिसकी ....

के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बताया था कि वायनाड में भूस्खलन के बाद अब तक 93 शव बरामद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 128 लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भूस्खलन में मरने वाले 34 व्यक्तियों के शवों की पहचान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इनमें से 18 शव मृतकों के परिवारों को सौंप दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पोथुकल में चलियार नदी से 16 शव मिले हैं, इसके अलावा शवों के टुकड़े भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई लोगों फंसे होने या बह जाने की आशंका है और हम बचाव कार्य जारी रखेंगे। विजयन ने बताया कि जिले में स्थापित 45 राहत शिविरों में 3,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने बताया कि पहला भूस्खलन तड़के दो बजे हुआ, उसके बाद दूसरा भूस्खलन सुबह चार बजकर दस मिनट पर हुआ। मुख्यमंत्री ने बताया कि मेप्पाडी, मुंदक्कई और चूरलमाला क्षेत्रों से संपर्क टूट गया है तथा चूरलमाला-मुंदक्कई सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन प्रभावित इलाकों में मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टमाला और नूलपुझा गांव शामिल हैं। केरल सरकार ने भूस्खलन में लोगों की मौत के बाद प्रदेश में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि राज्य सरकार इस घटना से बहुत दुखी है जिसमें कई लोगों की जान चली गयी है और संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। मुख्य सचिव वी. वेनू द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में 30 और 31 जुलाई को राजकीय शोक घोषित किया गया है। प्रोटोकॉल के अनुसार, इन दो दिनों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और सभी सरकारी कार्यक्रमों को रद्द किया जाएगा। बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। भारतीय सेना भी बचाव अभियान में शामिल हो गयी है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अलावा पुलिस तथा दमकल कर्मियों को प्रभावित इलाकों में तैनात किया है।

## पेज एक के शेष

### हरिचंदन गए, डेका...

महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से निवृत्त होने के बाद रमेश बैस की वापसी हो गई है। उन्हें महाराष्ट्र से विदाई दी गई है। रायपुर आकर श्री बैस ने राजनीति में फिर सक्रिय होने के सवाल पर कहा कि इसका फैसला पार्टी करेगी।

**नए राज्यपाल ने कही ये बात** : नवनियुक्त राज्यपाल रमेन डेका पहुंचे। इस दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा- छत्तीसगढ़ एक उभरता हुआ राज्य है, विकास की राह पर अग्रसर है। हमारा काम केंद्र और राज्य के बीच सुचारू संचालन करना है। छत्तीसगढ़ के विकास की गति को तेज करना है। छत्तीसगढ़ खनिज, संस्कृति के मामले में संपन्न राज्य है। असम और छत्तीसगढ़ के बीच के संबंधों को आगे बढ़ाना है। राज्यपाल की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर कहा- मैं अब भाजपा का आदमी नहीं रहा, मैंने भाजपा पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। एक संवैधानिक व्यक्ति बनने जा रहा हूं। मुझे संविधान और सरकार के नियमों को देखना और उनका मार्गदर्शन करना होगा। लंबित आरक्षण मामले पर कहा कि आरक्षण पर बोलना जल्दबाजी होगी। विकास मुख्य प्राथमिकता होगी।

### हरिचंदन विदा, साय...

संवैधानिक दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया। प्रदेश के विकास को लेकर उनका मार्गदर्शन मिलता रहा। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, खेल मंत्री टंकराम वर्मा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भी मौजूद रही। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस मौके पर पहुंचे। मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद एवं श्री बासवराजू भी मौजूद रहे।

**साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास- हरिचंदन** : विदाई के अवसर पर श्री हरिचंदन ने कहा- छत्तीसगढ़ के लोगों का मुझे बहुत स्नेह मिला। मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के क्षमतावान नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। यहां के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बहुत सरल सहज हैं। वे आर्थिक, सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के साथ पूरे छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल से, बुद्धिजीवियों से और आम जनता से बहुत स्नेह मिला, मैं हमेशा छत्तीसगढ़ के अपने भाइयों-बहनों के साथ खड़ा रहूंगा। इन शब्दों के साथ ही स्टेट हेंगर में हुए विदाई समारोह में जय जगन्नाथ तथा जय जोहार का संबोधन कर निवर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने छत्तीसगढ़ के निवासियों को भावुक विदाई दी।

**राजभवन में भी समारोह** : निवर्तमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को राजभवन में भावभीनी विदाई दी गई। वे आज भुवनेश्वर (ओडिशा) के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन भी उपस्थित थीं। राज्यपाल के प्रस्थान से पूर्व उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने राजभवन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की और आशीर्वचन दिया।

### गहरी नींद में यात्रियों...

रायपुर, बिलासपुर समेत दुर्ग के भी बड़ी संख्या में यात्री सफर कर रहे थे। हावड़ा से रायपुर आ रहे पुरुषोत्तम पटेल के परिवार ने हरिभूमि से बातचीत में घटना की आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि 7:30 को हावड़ा से रायपुर के लिए ट्रेन में चढ़े थे। रात में 10 बजे खाना खाने के बाद पत्नी और बेटे सभी अपनी जगह पर सो गए थे। ट्रेन टाटानगर पहुंचने से पहले 3 घंटे विलंब से चल रही थी। ट्रेन में सुबह 3.45 बजे के आसपास तेज भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। अचानक से ऊपर सो रहे यात्री नीचे गिर पड़े। नीचे सीट पर बैठे यात्रियों पर भी भारी सामान गिर गया। जिस समय यह हादसा हुआ, सभी गहरी नींद में सोए हुए थे। झटका लगते ही सभी नींद से जाग उठे। कोच के अंदर और बाहर अफरा-तफरी मच गई थी। ट्रेन पलटने की तेज आवाज सुनकर कई यात्री अपनों को लेकर सीधे उतरने लगे।

### बाहर का मंजर देख...

कोई सहम गया। यात्री अपना सामान लेकर नीचे ऊतरे। हादसे के बाद ट्रेन की स्थित देखकर हर कोई डरा हुआ था। कई यात्री बेहोश भी गए। ज्यादातर यात्रियों को अंदरूनी चोट आई है। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन के टॉयलेट में दो लोग फंस गए थे, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने बोगी काटकर निकाला है। हावड़ा-मुंबई मार्ग पर यातायात पूरी तरह से ठप है। दुर्घटना के बाद मालगाड़ी और ट्रेन के डिब्बे काफी दूर से फैल गए। इस कारण थर्ड लाइन भी प्रभावित हुई। दुर्घटना के कारण ओवरहेड लाइन, खंभे और ट्रेन की पटरी भी बुरी से क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### इनका रूट...

परिवर्तित मार्ग नौगांव-हटिया - बोकारो स्टील सिटी –आद्रा –मिदनापुर - खड़गपुर होकर चलेगी।

04. 30 जुलाई 12833 अहमदाबाद -हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नौगांव-हटिया - बोकारो स्टील सिटी –आद्रा –मिदनापुर - खड़गपुर होकर चलेगी।

05. 30 जुलाई 18477 पूरी- ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा रोड- ईब होकर चलेगी।

06. 30 जुलाई 12834 हावड़ा - अहमदाबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग टाटा - चांडिल- पुरुलिया- हटिया –राऊरकेला होकर चलेगी।

07. 31 जुलाई 12810 हावड़ा – मुंबई मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग टाटा - चांडिल- पुरुलिया- हटिया –राऊरकेला होकर चलेगी।

### पानी समझ कर...

बच्ची को स्नान करने लगी। तभी वह अचेत हो गई। बच्ची के अचानक बेहोश हो जाने पर मासूम के माता-पिता बगल के कमरे में जाकर देखा तो वहां शराब की बोतल और गिलास पड़ा हुआ था। गलती से पानी समझ कर महुआ शराब हो पी लेने पर परिजन उसे तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां आज सुबह उपचार के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### स्टील उद्योगों को मिली...

पहुंच गए। कंपनियों की वैल्यू अरबों रुपए हो गई और शेयर मार्केट में लिस्टेड कंपनियों के शेयर राकेट बन गए। बिजली नियामक आयोग के पूर्व सचिव पीएन सिंह का कहना है, लोड फैक्टर के खेल के कारण पॉवर कंपनी को चार हजार करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा है। इसकी वजह से ही हर वर्ग का टैरिफ भी बढ़ा और प्रदेश सरकार को हजार करोड़ देने पड़े। स्टील उद्योग फिर से उद्योगों को बंद कर राहत की मांग कर रहा है। उद्योगपतियों का कहना है कि बिजली मंहगी होने के कारण घाटा हो रहा है इसकी वजह से उद्योग चलाना कठिन हो रहा है। वहीं 25 फीसदी बिजली महंगी होने की बात कर रहा है, उसको लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा, स्टील उद्योग की बिजली की कीमत 25 पैसे बढ़ाई गई, 25 प्रतिशत नहीं। स्टील उद्योग को गलतफहमी हुई है। इधर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने भी बयान जारी करके अपना पक्ष रखते हुए बताया है कि स्टील उद्योग को 713 करोड़ की बड़ी छूट अब भी दी जा रही है। श्री साय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए स्टील उद्योगों के बंद को लेकर कहा, बात चल रही है, इसका कोई न कोई हल निकलेगा। इसी के साथ उन्होंने कहा, बिजली की कीमत को लेकर पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने वास्तविकता को उजागर किया है। स्टील उद्योग को जरूर कोई गलतफहमी हुई है। बिजली की कीमत सिर्फ 25 पैसे बढ़ी है। बाकी वर्ग की कीमत में भी 20 पैसे का इजाफा किया गया है।

**713 करोड़ की अब भी बड़ी छूट** : पॉवर कंपनी ने जारी अपने बयान में बताया है, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जो पुनरीक्षित विद्युत दरें घोषित की गई हैं उनमें खपत के आधार पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि के बावजूद टैरिफ में लोड फैक्टर पर मिलने वाली छूट के द्वारा 713 करोड़ रुपए की छूट उच्चदाब स्टील उद्योगों को दी जा रही है। यह छूट अन्य किसी भी वर्ग के उपभोक्ता को नहीं मिलती है। नियामक आयोग द्वारा लोड फैक्टर पर मिलने वाली अधिकतम छूट (पॉवर फैक्टर इन्सेन्टिव) को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया है। आयोग द्वारा विगत वर्षों की वास्तविक खपत को आधार मानते हुए, उच्चदाब स्टील उद्योगों की इस वर्ष की अनुमानित खपत 11,237 मिलियन यूनिट का आकलन किया है। इस खपत के आधार पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि के बावजूद भी टैरिफ में लोड फैक्टर पर मिलने वाले छूट के द्वारा 713 करोड़ की छूट टैरिफ के माध्यम से स्टील उद्योगों को प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त उच्चतम दाब की अवधि, जो कि प्रतिदिन पहले 6 घंटे थी, उसको भी टैरिफ में 8 घंटे कर दिया गया है, जिसमें स्टील उद्योगों को 80 प्रतिशत ही बिलिंग होगी। स्टील उद्योगों के टैरिफ का विगत वर्ष 2017-18 से तुलना करते हैं तो मांग प्रभार में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है।

**हमारी बस सस्ती बिजली की मांग : मनीष घुप्पड़** : मिनी स्टील प्लांट के महासचिव मनीष घुप्पड़ का कहना है, हमारी मांग बस पहले की तरह की सस्ती बिजली की है। भाजपा शासनकाल में भी उद्योगों को सब्सिडी मिलती थी, कांग्रेस सरकार ने भी लोड फैक्टर में 25 फीसदी का लाभ दिया, लेकिन अब इसको कम करके 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी के साथ टैरिफ में भी इजाफा किया गया है, जिसके कारण स्टील उद्योगों को पड़ोसी राज्यों से ज्यादा कीमत में बिजली पड़ रही है।

### हर साल 800 करोड़...

हुआ होगा, इस विषय में संबंधित क्षेत्रों में तरह-तरह की चर्चा चल रही है। नियामक आयोग द्वारा पुनरीक्षित विद्युत दरों में व्यवसायिक उपभोग हेतु उपभोक्ताओं को प्रदाय की जाने वाली बिजली की दर 5.40 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि उच्चदाब स्टील उद्योगों को प्रदाय की जाने वाली बिजली की दर मात्र 4.10 प्रतिशत ही बढ़ी है। पहले इनका टैरिफ 6.10 रुपए था इसमें 25 पैसे का इजाफा करके 6.35 किया गया है।

### किसके कहने पर...

की गई तार्किक कार्रवाई के बावजूद लोड फैक्टर पर मिलने वाली अधिकतम छूट (पॉवर फैक्टर इन्सेन्टिव) को 25 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 में जो अधिकतम छूट 8 प्रतिशत मिल रही थी उसकी तुलना में भी 2 प्रतिशत अधिक यानी 10 प्रतिशत छूट इन उद्योगों को अभी मिल रही है।

### मिट्टी से...

स्थित धमधा एक ऐतिहासिक नगर है, जहां कभी 126 तालाब थे। ये तालाब प्राचीनकाल में गोंडवाना शासन के समय से बनाए गए थे, लेकिन रखरखाव के अभाव में इन तालाबों के अस्तित्व पर संकट पैदा हो गया है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने लोगों के साथ मिलकर इन 126 तालाबों का चिन्हांकन किया है, जिसमें से भू-राजस्व रिकार्ड में शासकीय रूप से दर्ज 30 तालाबों को कब्जामुक्त करने राज्य शासन, जिलाधीश एवं जिला पंचायत सीईओ से मांग की गई है, परन्तु इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। 126 तालाबों वाले इस गांव में अभी भी 70 तालाब ऐसे हैं, जहां बारिश के दिनों में पानी भरता है, लेकिन उनका रखरखाव नहीं किया जा रहा है। लोग इन तालाबों में अतिक्रमण करते जा रहे हैं, जिससे तालाब सिकुड़ते जा रहे हैं।

**अवैध कब्जा कर पीएम आवास बनवा रहे** : धमधा नगर के तालाबों के पार में लोग लगातार अवैध कब्जा करके झोपड़ी बना रहे हैं, वहां पीएम आवास स्वीकृत किया जा रहा है। नइया पारा के टार तालाब में पूरी अवैध कॉलोनी बन गई है। कुकुरचब्बा रोड में अवैध मकान बनते ही जा रहे हैं। मोतिमपुर रोड के दुदहा तालाब के पार में सामाजिक भवन के नाम पर लोग अपना निजी मकान बना रहे हैं, इस तालाब में भी सफाईकर्मी कचरा डाल रहे हैं।

**बूढ़ा तालाब को शासकीय करने का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में** : महामाया मंदिर और राजा किला को चारों ओर से सुरक्षित करने वाले बूढ़ातालाब के चारों ओर पार में इमारतें तन गई हैं, जिससे 18 एकड़ के तालाब का ऐतिहासिक महत्व खत्म हो गया है, जबकि इसे गोंड़वाना आदिवासी राजाओं ने सुरक्षा के लिए बनवाया था। नगर पंचायत के अध्यक्ष परिषद ने बूढ़ा तालाब को शासकीय करने के लिए संकल्प पारित किया था, लेकिन इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**40 साल से खेत बन चुके 6 तालाब को दिया नया जीवन** : धमधा के 126 तालाबों को बचाने की दिशा में कुछ अच्छे प्रयास भी हुए हैं, जिसके तहत नगरवासियों के साथ स्थानीय राजस्व अमला और नगर पंचायत ने छह तालाबों को कब्जामुक्त भी कराया, जिसे बाद में गहरीकरण करके तालाब का स्वरूप भी दिया गया। धर्मधाम गौरवगाथा समिति ने इनमें प्राचीन परंपरा के अनुसार इनमें सरई लकड़ी का काष्ठस्तंभ भी लगवाया। परन्तु एसडीएम बृजेश सिंह क्षत्रीय का तबादला होने के बाद तालाबों को कब्जामुक्त करने की कार्रवाई बंद हो गई। अब नए अफसर और नगर पंचायत का अमला इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### नपं ही खुद पाट रहा...

के अवशेष से पार को बड़ा किया जा रहा है। इतना ही नहीं शासकीय आईटीआई के सामने डोकरा तालाब के पार में अवैध चखना सेंटर खोल दिया गया है, जिसकी शिकायत कलेक्टर से की गई थी, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### सौंदर्यीकरण के नाम...

रहे हैं। उनके जलभराव की क्षमता कम होते जा रही है। तालाब के पार में बने अवैध मकान से सीवरेज और टायलेट से तालाब का पानी दूषित हो रहा है।

## शासन ने कहा- रायपुर व बिलासपुर में विशेष जेल, बेमेतरा में खुली जेल

**जेलों मे बंद कैदियों के मामले में शासन का जवाब पेश**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों की भीड़ व उनके रहने की अमानवीय परिस्थितियों को लेकर पेश जनहित याचिकाओं पर शासन ने जवाब पेश किया है। इसमें कहा गया है कि रायपुर व बिलासपुर जिले में विशेष जेलों की स्थापना व बेमेतरा में खुली जेल शुरू की जा रही है। हाईकोर्ट ने इस पर बहस के लिए अब दो सप्ताह बाद अगली सुनवाई निर्धारित की है।

अधिवक्ता शिवराज सिंह ने केंद्रीय जेलों में क्षमता से अधिक बंदियों की मौजूदगी को लेकर एक जनहित याचिका दायर की है। इसके कुछ समय बाद इनके लिए जेलों में अमानवीय परिस्थितियों को लेकर भी एक पीआईएल लगाई गई है। इस बीच हाईकोर्ट के संज्ञान में भी कुछ माध्यमों से यह बात आई कि जेलों में कैदियों की स्थिति अच्छी नहीं है। इसे अदालत ने स्वयं एक पत्र याचिका के तौर पर स्वीकार किया है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में एक साथ सुनवाई शुरू की गई।

**प्रारूप-37**
**(नियम 61 (3) देखिए)**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी ।)

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, रायपुर / सं. 213 / तारीख 22/05/2024**

श्री/ श्रीमती/ कुमारी JITENDRA YADAV, S/O- GANESH RAM YADAV, PATEL PARA NEAR SHIV MANDIR, MANDIR HASOUD, RAIPUR (CG)-492001 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है. कि उसने/ उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/ आडमान/ पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04MP8681 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि- 1. आपने उसे/ उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है। 2. आप फरार हो गये हैं। उसने/ उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है। अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

क्र. 34/न.पा.नि./ जोन क्र. 04/2024-25 — दिनांक 30.07.2024

नगर पालिक निगम बिलासपुर के वार्ड क्र.27 गायत्री मंदिर चौक से सीएमडी चौक तक सीसी रोड मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्रमांक / सिस्टम टेंडर, नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड / सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 156836 | वार्ड क्र. 27 गायत्री मंदिर चौक से सीएमडी चौक तक सीसी रोड मरम्मत कार्य। | 95.89 | 23.08.2024 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्र.04, न.पा.नि बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 156626 / निविदा सूचना क्र. 02 / वलेलि / 2024-25,
छुईखदान दिनांक 29.07.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **16.08.2024 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम - खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई जिले के विकासखण्ड खैरागढ़ अंतर्गत रूसे फीडर नहर के तहत बनबोड़ निस्तारी तालाब में क्लोज ट्रफ आर.डी. 11370 मी. से 11570 मी., 01 नग एक्वाडक्ट आर.डी. 11730 मी, 04 नग इनलेट आर.डी. 13650 मी. आर.डी. 13930 मी. आर.डी. 14730 मी., आर.डी. 14910 मी., 01 नग व्ही. आर.बी. आर.डी. 14400 मी. का निर्माण एवं एक्वाडक्ट आर.डी. 9735 मी. में बैंक प्रोटेक्शन कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रू. 223.30 लाख**
**(दिनांक 01.08.2010 के एस. ओ. आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार )**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05.08.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-242501449/4

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/1044 — Raipur, date 30.07.2024

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL . The unregistered contractor having work experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below:-

| Tender Specification No. | Name of Work | NIT value i/c GST |
|---|---|---|
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/66 | Development the area by disposing & levelling the heaps of waste soil & boulder lying between JNT 03 & 04 and locoshed road at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 12.30 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/67 | Annual supply of civil materials, mason & carpenter gang for routine maintenance of Hold property of KTPS plant & PGTI at CSPGCL, Korba East | 6.26 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/68 | Upgradation of badly damaged valley shaped existing patrolling & track hopper access road to rigid pavement at DSPM -TPS, CSPGCL, Korba East | 12.80 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/69 | Providing and fixing of glass house and profile sheet in Erector Hostel at HTPS, CSPGCL, Korba West | 14.43 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/70 | Internal & external painting of store sheds and general store and steel store section buildings at 4x210 MW, HTPS, CSPGCL, Korba West. | 5.16 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/71 | Concrete paving work along the roads sides to safe guard from the sharp edge of road from WRD roa d to Rest House and other auxiliary roads 3x40MW Hasdeo Bango Hydel Power Station, Machadoli Bango | 24.94 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/ 2024/72 | Construction of boundary wall in D & E type quarter of FG zone of HTPS, CSPGCL, Korba West | 21.41 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/ 2024/73 | Annual maintenance of company's private BG Railway siding of DSPM -TPS & retired KTPS, CSPGCL, Korba East | 22.15 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal : 50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%. Chief Engineer (Civil), CSPGCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

**कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी**
**जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)**
ई-मेल :- cgayushjagdalpur@gmail.com
दूरभाष एवं फैक्स क्र. : 07782-227927

क्रमांक/योजना/पें.चि. सु. एवं भोजन निविदा 2024/1213 एवं 1215
जगदलपुर, दिनांक 26/07/2024

**// पुर्ननिविदा सूचना //**

(01) वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के जिला आयुर्वेद चिकित्सालय जगदलपुर में पेंशनरों की चिकित्सा सुविधा हेतु स्थानीय औषधि विक्रेताओं से आयुर्वेद शास्त्रोक्त एवं प्रोपरायटरी (पेटेण्ट) औषधियों के निर्धारित दर पर (शासन के पक्ष में जो भी छूट होता हो) किये जाने हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। टू बीड निविदा में प्रथम लिफाफे (अ) पर प्री क्वालीफाईड एवं द्वितीय लिफाफे (ब) पर प्राईज बीड लाल रंग के स्याही में अंकित होना अनिवार्य होगा । एवं (02) 30 शैय्या युक्त जिला आयुर्वेद चिकित्सालय कुम्हारपारा जगदलपुर में भर्ती मरिजों को मेडिकल मेन्यूअल अनुसार भोजन आपूर्ति हेतु राशि रूपये 90,000/- (नब्बे हजार रू. मात्र) प्राप्त हुआ है। इच्छुक व्यक्ति पंजीकृत स्थानीय संस्थाओं एवं स्वसहायता समूह से निविदा आमंत्रित की जाती हैं निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जावेगा। संबंधित पंजीकृत फर्म शासन के शीर्ष मदः- (0210 चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य, 03 चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान, 101 आयुर्वेद, 0753 विविध) बैंक में चालान के माध्यम से जमा कर, चालान की एक प्रति प्रस्तुत कर, निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तें की जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

| पेशनर चिकित्सा सुविधा निविदाः जावक क्रमांक-1213 दिनांक 26.07.2024 | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 07.08.2024 | समय सांय 05:30 बजे तक |
| 02 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 09.08.2024 | समय दोपहर 12:00 बजे तक |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 09.08.2024 | समय दोपहर 02:00 बजे, तक |
| **भोजन निविदाः जावक क्रमांक-1215 दिनांक 26.07.2024** | | | |
| 01 | निविदा बिक्री की अंतिम तिथि | दिनांक 05.08.2024 | समय सांय 05:30 बजे तक |
| 02 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 07.08.2024 | समय दोपहर 12:00 बजे तक |
| 03 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 07.08.2024 | समय दोपहर 02:00 बजे तक |

जिला आयुर्वेद अधिकारी
जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)

G-242501456/3

SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchan 2024 — TULIP

**नगरपालिका परिषद् बड़ेबचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
**स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0**

क्र./925/स्व.भा.मि./न.पा.परि./2024 — बड़ेबचेली, दिनांक 26/07/2024

**// आवश्यकता//**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बी.टेक. / बी.ई. स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह (03 माह) | 05/08/2024 | 4500.00 रू. | 02 | 7697453376 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली
जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

## राशिफल

- **मेष** — मानसिक शान्ति के प्रयास करें। सेहत का ध्यान रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। परिवार की समस्या बढ़ेगी।
- **वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें।
- **मिथुन** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।
- **कर्क** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। मन परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।
- **सिंह** — परिश्रम की अधिकता हो सकती है। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।
- **कन्या** — परिश्रम की अधिकता हो सकती है। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।
- **तुला** — परिश्रम की अधिकता हो सकती है। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें। आय में वृद्धि होगी।
- **वृश्चिक** — पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।
- **धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।
- **मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। आलस्य की अधिकता रहेगी।
- **कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- **मीन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5588



**बाएँ से दाए**

1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5587 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5599

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल- 5598 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

लोक साहित्य

डा. अनसूया अग्रवाल

# छत्तीसगढ़ी बाल कहानियों में भेद



छत्तीसगढ़ी बाल कहानियां अंचल के जीवन, परंपरा,वातावरण आदि की विविधताओं से प्रभावित हैं। छत्तीसगढ़ गांवों का प्रदेश है। यहां के ग्रामीण लोगों की जीवन शैली उदारता, सेवाभावी प्रवृत्ति उनके सहज वैचित्रपूर्ण व्यवहार, विचार, अनुभव, कौतूहल आदि की अभिव्यक्ति स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़ी बाल कहानियों में हुई है। कहानियों में यहां के जनजीवन का प्रमाणिक बिंब दिखाई देता है। लोकरंग की विविधता का आनंद भी कहानी को अभिन्न बना देते हैं। अध्ययन की सुविधा के लिए शिक्षाप्रद एवम उपदेशात्मक कहानियां, पशु पक्षी विषयक कहानियां, पद्य युक्त कथाएं, मुहावरे / कहावतों की कहानियां, प्रकृति विषयक कहानियां, परी और जादू की कहानियां, ऐतिहासिक कहानियां और साधु फकीरों की कहानियों में भेद किए जा सकते हैं। उपरोक्त इन कहानियों का प्रभाव बताता है कि इससे छत्तीसगढ़ी बाल साहित्य अधिक समृद्ध हुआ है।

लोक वाद्य

रुद्रनारायण पाणिग्रही

# बस्तर के लोक वाद्यों में किंदरी बाजा



| 1 | सूरीतरात वल्द कोदू | 88 | 688/2 | 0.72 | फणिन्द्र कुमार दिवाकर पिता स्व0 फूलसाय दिवाकर | नामांकन पत्र में वर्तमान खातेदार का नाम | बिसाहूराम, फणिन्द्र कुमार दिवाकर, जमुना गहिलवारे, राधाबाई, शारदा देवी सावित्री पटले,गायत्री, रायत्री पात्रे रंजीता, अंजीता कुर्रे शीतबाई बेवा स्व0 फुलसाय दिवाकर | फणिन्द्र कुमार दिवाकर पिता स्व0 फुलसाय दिवाकर | खातेदार एवं उम्मीद्वार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | सूरीतराम वल्द स्व0 कोदू | फणीन्द्र कुमार दिवाकर पिता स्व0 फुलसाय दिवाकर | |
| | | | | | | पत्रक 13 | सूरीतराम वल्द कोदू | ......... | |
| | | | | | | पत्रक 22 | सूरीतराम व0 कोदू | ......... | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष-1988-89 | सुरीत वल्द कोदू | ......... | |
| | | | | | | बी- 1 वर्ष-1985-86 | | ......... | |
| | | | | | | पी- 2 वर्ष 1982-88 | सुरीत वल्द कोदू | ......... | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | सुरीतराम पिता कोदू | ......... | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | सुरित राम | फणिन्द्र कुमार दिवाकर पिता फुलसाय दिवाकर | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ......... | फणिन्द्र कुमार पिता फूलसाय | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ......... | फणीन्द्र कुमार पिता फुलसाय | |
| | | | | | | शपथ पत्र क्र0 22AA663459, 22AA532399, 22AA663460, 22AA661022 | ......... | फणिन्द्र कुमार दिवाकर पिता स्व0 फुलसाय दिवाकर | |
| | | | | | | कक्षा 8 वी | | फणीन्द्र कुमार पिता फूलसाय सतनामी | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | ......... | फणीन्द्र कुमार पिता फुलसाय | |
| | | | | | | वोटर कार्ड | ......... | फणीन्द्र कुमार दिवाकर पिता फूलसाय दिवाकर | |
| | | | | | | आधार कार्ड | | फणिन्द्र कुमार दिवाकर पिता स्व0 फूलसाय दिवाकर | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीद्वार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/24-25/124

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
**''मिनी रत्न कम्पनी''**
**(कोल इंण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)**

एसईसीएल/महा.प्र./कुस/भू.रा./24/27

**सूचना**

दिनांक 03.07.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम खम्हरिया की भूमि का अर्जन एमपीएलआरसी 1959 के तहत किया गया है, जिसका अवार्ड दिनांक 27.04.1983 को परित किया गया था, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिकानुसार है:-

| क्र0 | पत्रक 13 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | वर्तमान खातेदार (नामांकन पत्र के अनुसार) | कुल रकबा (एकड में) | उम्मीद्वार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीद्वार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी /उम्मीद्वार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीद्वार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगऊ वल्द समारू लाल | 163/176 | 349/2 | अमृत बाई आत्मज स्व0 भगऊ | 0.07 | रेशम लाल यादव पिता स्व0 हिन्दोला राम | नामांकन पत्र में वर्तमान खातेदार का नाम | अमृत बाई आत्मज स्व0 भगऊ | रेशम लाल यादव पिता स्व0 हिन्दोला राम | खातेदार एवं उम्मीद्वार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | भगऊ पिता समारू लाल | रेशम लाल यादव पिता हिन्दोला राम | |
| | | | | | | | पत्रक 13 | भगऊ वल्द समारू लाल | ......... | |
| | | | | | | | पत्रक 10 | भगऊ वल्द समारू लाल | ......... | |
| | | | | | | | पी-2 वर्ष (1981-84) (1985-1986) | भगऊ वल्द समारू लाल | ......... | |
| | | | | | | | नामांतरण पंजी(1979-1980) | भगऊ वल्द समारू लाल | | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | भगऊ पिता समारू लाल (फौत) अमृत बाई पिता भगउ एवं अमृत बाई पति स्व0 हिन्दोला राम | रेशमलाल यादव पिता स्व0 हिन्दोला राम | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | ......... | रेशम लाल आत्मज हिन्डोला राम | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | ......... | रेशम लाल आत्मज हिन्डोला राम | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र 5वी | ......... | रेशम लाल यादव आत्मज हिंडोला राम | |
| | | | | | | | कक्षा 10 वी 12 वी | | रेशमलाल पिता हिन्दोला राम | |
| | | | | | | | कक्षा 8 वी | ......... | रेशमलाल पिता हिन्डोला राम | |
| | | | | | | | बी एं | ......... | रेशम लाल यादव पिता श्री हिन्डोला राम यादव | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | | रेशम लाल यादव पिता हिन्डोला राम | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | अमृत बाई पति हिनदोला राम | रेशम लाल यादव पिता हिन्दोला राम यादव | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीद्वार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/24-25/125

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

**खबर संक्षेप**



## टाटा स्टील ने अपनी अनुषंगी का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने कहा कि उसने सिंगापुर स्थित अपनी इकाई टीएसएचपी के 557 करोड़ से अधिक शेयरों का 87.5 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण कर लिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को इस हिस्सेदारी खरीद की सूचना दी। टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने मई में अपनी अनुषंगी टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड (टीएसएचपी) के इक्विटी शेयरों का एक या अधिक किस्तों में अधिग्रहण कर उसमें पूंजी लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## चूक के लिए सुजलॉन को चेतावनी पत्र जारी




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने खुलासा नियमों का पालन न करने के लिए सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड को चेतावनी पत्र जारी किया है। एनएसई ने सुजलॉन को लिखे पत्र में कहा कि छह नवंबर, 2023 को आयोजित कंपनी की एक विश्लेषक वार्ता के बारे में एक्सचेंज को उसी दिन बताया गया। एनएसई ने 29 जुलाई के पत्र में कहा गया है कि यह खुलासा सेबी के एलओडीआर (सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा अनिवार्यता) नियम के तहत देर से किया गया।

## एलएंडटी की शाखा ने वैलोर एस्टेट से किया समझौता




**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई ने मुंबई में एक रियल एस्टेट परियोजना के विकास के लिए वैलोर एस्टेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। एलएंडटी परेल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड रियल एस्टेट विकास व्यवसाय में है। एलएंडटी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, 'एलएंडटी परेल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई में रियल एस्टेट परियोजना विकसित करने के लिए वैलोर एस्टेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।'

## एसीसी का लाभ 22 फीसदी घटकर हुआ 361 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सीमेंट उत्पादक एसीसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में शुद्ध लाभ 22.46 प्रतिशत घटकर 361.40 करोड़ रुपये रह गया। अदाणी समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को अप्रैल-जून तिमाही के इस नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में एसीसी लिमिटेड का शुद्ध लाभ 466.14 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य अवधि में कंपनी की परिचालन आय मामूली रूप से घटकर 5,154.89 करोड़ रुपये रह गई जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 5,201.11 करोड़ रुपए थी।

# अब बाइक चलाते समय नहीं बदलने पड़ेंगे गियर, यामाहा ला रही नई टेक्नोलॉजी

- नई बाइक्स में वाई-एएमटी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा
- तकनीक के वजह से बार-बार गियर नहीं बदलना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

यामाहा भारतीय मार्केट में अपनी कई स्पोर्ट्स बाइक्स को उतार चुकी है। इन बाइक्स को देश में अच्छा रिस्पांस भी मिला है। वहीं अब यामाहा एक नई तकनीक लेकर आ रही है जिसकी मदद से सफर के दौरान आपको बाइक में गियर बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही इस तकनीक को कंपनी अपनी आने वाली बाइक्स में इस्तेमाल भी कर सकती है।

दरअसल, यामाहा अपनी आने वाली नई बाइक्स में वाई-एएमटी तकनीक का इस्तेमाल कर सकती है। वहीं इस तकनीक के आने से बाइक चलाने का अनुभव काफी शानदार होने वाला है। शहर के ट्रैफिक से लेकर हाइवे तक बाइक को दौड़ाना काफी आसान और आरामदायक हो जाएगा। वहीं इस तकनीक की मदद से बाइक में बार-बार गियर बदलने की जरूरत नहीं बड़ेगी। बस एक बार गियर डालने के बाद आप अपनी बाइक को कहीं भी बिना रूके दौड़ा सकते हैं।

### क्लच व लीवर की जरूरत नहीं होगी

इतना ही नहीं कंपनी के अनुसार वाई-एएमटी तकनीक से लैस बाइक्स में क्लच और लीवर की जरूरत नहीं होती है। वहीं इस टेक्नोलॉजी को राइड बाय वायर के साथ उतारा जाएगा. वहीं अगर तेज स्पीड में बाइक है और अचानक स्पीड कम करनी पड़े तो इसमें एक मैनुअल गियर बदलने का भी ऑप्शन दिया जाएगा। इसकी मदद से बाइक चलाने का अनुभव काफी हद तक बदल जाएगा।



### बाइक में मिलेगी तकनीक

*जानकारी के मुताबिक यामाहा अपनी इस तकनीक को सबसे पहले यामाहा एमटी-09 सेमी नेकेड बाइक में इसका यूज करने वाली है। वहीं इस बाइक को लांच करने के बाद कंपनी अपनी बाकी अन्य सुपरबाइक्स में भी इस फीचर को जोड़ सकती है।*

### इसी साल पेश की थी तकनीक

*यामाहा ने अपनी इस वाई-एएमटी तकनकी को इसी साल जून 2024 में पेश किया था। हालांकि आपको बता दें कि फिलहाल इस तकनीक को अभी सिर्फ जापान में ही इस्तेमाल किया जाएगा। लेकिन कुछ समय बाद इसे बाकी देशों में भी दिया जा सकता है।*

## विश्व स्वर्ण परिषद ने जारी की रिपोर्ट

# सोने की ऊंची कीमतों के कारण दूसरी तिमाही में भारत में घटी पांच फीसदी मांग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत में अप्रैल-जून तिमाही में सोने की मांग रिकॉर्ड उच्च कीमतों के कारण पांच प्रतिशत घटकर 149.7 टन रह गई। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की 'दूसरी तिमाही 2024 सोना मांग रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में इसी तिमाही में सोने की मांग 158.1 टन थी जो 2024 में 149.7 टन रह गई। हालांकि, मूल्य के संदर्भ में सोने की मांग दूसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 93,850 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 82,530 करोड़ रुपये थी। अप्रैल-जून तिमाही में कीमतें आसमान छू गईं और 24 कैरेट सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 74,000 रुपये को पार कर गई।

अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में अप्रैल-जून अवधि में सोने की औसत कीमत 2,338.2 अमेरिकी डॉलर रही, जबकि 2023 की इसी अवधि में यह 1,975.9 अमेरिकी डॉलर थी। डब्ल्यूजीसी ने कहा कि रुपये के संदर्भ में तिमाही में औसत कीमत 62,700.5 रुपये रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 52,191.6 रुपये (आयात शुल्क और जीएसटी को छोड़कर) थी ।

### आभूषणों की मांग में 17 फीसदी की गिरावट

*हालांकि, मांग का समग्र मूल्य मजबूत रहा जो 14 प्रतिशत बढ़ा... इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही में भारत में कुल आभूषणों की मांग 17 प्रतिशत घटकर 106.5 टन रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 128.6 टन थी।*

### निवेश मांग 46 फीसदी बढ़ी

*दूसरी तिमाही में कुल निवेश मांग 46 प्रतिशत बढ़कर 43.1 टन हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 29.5 टन थी। भारत में अप्रैल-जून तिमाही में सोने का कुल आयात आठ प्रतिशत बढ़कर 196.9 टन रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 182.3 टन था।*



- कीमतों के कारण मांग घटकर 149 .7 टन रह गई
- 2023 में इसी तिमाही में मांग 158 .1टन रही
- सोने की औसत कीमत 2,338 .2 अमेरिकी डॉलर रही

### ऊंची कीमतों से मांग हो रही प्रभावित

डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा, भारत की सोने की मांग 2024 की दूसरी तिमाही में घटकर 149.7 टन पर पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में पांच प्रतिशत कम है। इसका कारण सोने की रिकॉर्ड ऊंची कीमतें हो सकती हैं, जिससे सामर्थ्य प्रभावित हो रहा है और उपभोक्ता खरीद में मंदी आ रही है।

### सोने की मांग में वृद्धि

*वैश्विक सोने की मांग अप्रैल-जून तिमाही में 4.16 प्रतिशत बढ़कर 1,258.2 टन हो गई। डब्ल्यूजीसी की 'दूसरी तीमाही 2024 सोना मांग रुझान' रिपोर्ट के अनुसार, 2023 की दूसरी तिमाही में कुल मांग 1,207.9 टन थी जो 2024 में बढ़कर 1,258.2 टन हो गई।*

### ओटीसी लेनदेन बढ़ा

*आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में मांग को 'ओवर-द-काउंटर' (ओटीसी) लेनदेन से समर्थन मिला, जो पिछले वर्ष की तुलना में 53 प्रतिशत बढ़कर 329 टन हो गया। 'ओवर-द-काउंटर' लेनदने से तात्पर्य दो पक्षों के बीच सीधे लेनदेन से है।*

### कीमतों में सालाना आधार पर 18 फीसदी की वृद्धि

*रिपोर्ट में कहा गया, इसके साथ ही समीक्षाधीन तिमाही में सोने की कीमतों में भी सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो औसतन 2,338 डॉलर प्रति औंस रही। तिमाही के दौरान यह 2,427 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर भी पहुंच गई।*

# ओमेक्स दो साल के लिए पूंजी बाजार से प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को रियल एस्टेट कंपनी ओमैक्स और उसके चेयरमैन रोहतास गोयल, प्रबंध निदेशक मोहित गोयल एवं तीन अन्य को कंपनी के वित्तीय विवरणों में अनियमितता बरतने के मामले में दो साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। जिन अन्य लोगों को प्रतिभूति बाजारों में भाग लेने से रोका गया है उनमें सुधांशु एस बिस्वाल, अरुण कुमार पांडे और विमल गुप्ता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इन पांच लोगों को दो साल की अवधि के लिए किसी अन्य सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय पद लेने से भी प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी ने इन पांच लोगों और कंपनी समेत 16 इकाइयों पर कुल 47 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एक लाख रुपये से लेकर सात लाख रुपये तक के ये जुर्माने 45 दिन के भीतर भरने होंगे। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि इन संस्थाओं ने 'एक धोखाधड़ी वाली योजना को अंजाम देने के लिए मिलकर काम किया है। उन्होंने कंपनी के लाभ के लिए इसे सामान्य लेनदेन के रूप में दिखाने की कोशिश की जबकि कंपनी घाटे में चल रही थी। सेबी ने कहा कि ओमैक्स ने वित्त वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के दौरान अपने विभिन्न मदों- राजस्व, देनदारी, अग्रिम, व्यय के जरिये वित्तीय विवरणों को गलत तरीके से पेश किया।

- सेबी ने वित्तीय विवरण में अनियमितता बरतने का मामला पाया

### शेयर की कीमतों में हेराफेरी की गई

इस तरह शेयर की कीमत में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हेराफेरी की गई। इसके अलावा कंपनी ने कभी भी अपने शेयरधारकों को इस धोखाधड़ी के बारे में नहीं बताया। ओमैक्स के बही-खातों ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों को गुमराह किया।

# इंडियन बैंक 7000 करोड़ की कर्ज वसूली करेगा : सीईओ

## चालू वित्त वर्ष में बैंक को 5000 करोड़ जुटाने की मिली स्वीकृति

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने चालू वित्त वर्ष के दौरान करीब 7,000 करोड़ रुपये की कर्ज वसूली का लक्ष्य रखा है। बैंक के शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शांति लाल जैन ने कहा कि बैंक को 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव पर भारतीय रिजर्व बैंक और शेयरधारकों से मंजूरी भी मिल गई है। इसपर उचित समय पर फैसला किया जाएगा। फंसे कर्जों में कमी आने से अप्रैल-जून, 2024 तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,403 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 1,709 करोड़ रुपये था। जैन नेकहा, ''पिछले वित्त वर्ष में हमने करीब 8,700-8,800 करोड़ रुपये कर्ज की वसूली की थी। लेकिन धीरे-धीरे इसमें गिरावट आ सकती है। इस बार हमने योजना बनाई है कि हम करीब 7,000 करोड़ रुपये की वसूली करेंगे।'' उन्होंने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में बैंक ने 1,937 करोड़ रुपये की कर्ज वसूली की।

- फंसे कर्ज में कमी से बैंक का अप्रैल-जून तिमाही लाभ बढ़ा



### पूंजी पर्याप्तता 16.47 प्रतिशत

जैन ने अतिरिक्त कोष जुटाने के बारे में कहा कि बैंक की पूंजी पर्याप्तता 16.47 प्रतिशत है और अप्रैल-जून, 2024 तिमाही के लिए 2,403 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ को जोड़ने पर पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.08 प्रतिशत हो चुका है।

### बैंक पर्याप्त रूप से पूंजीकृत

सीईओ जैन ने कहा, ''मुद्दा यह है कि बैंक पर्याप्त रूप से पूंजीकृत है। इक्विटी के जरिये 5,000 करोड़ रुपये, टियर-2 बॉन्ड के जरिये 2,000 करोड़ रुपये और ढांचागत बॉन्ड के जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की हमें निदेशक मंडल और शेयरधारकों की मंजूरी मिल चुकी है। इस पर हम वित्त वर्ष में उचित समय पर फैसला करेंगे।''

## सेंसेक्स, निफ्टी नए शिखर पर, शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 100 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी रिकार्ड ऊंचाई पर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 99.56 अंक की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 81,455.40 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 459.43 अंक उछलकर 81,815.27 अंक तक चला गया था। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली हावी होने से यह अपनी बढ़त गंवा बैठा। निफ्टी भी 21.20 अंक बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 24,857.30 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार लगभग स्थिर रहा।

## इंडियन ऑयल का लाभ पहली तिमाही में 81 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही के शुद्ध लाभ में 81 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई है। रिफाइनरी तथा विपणन लाभ में कमी तथा सरकार नियंत्रित दरों पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की लागत से कम दाम पर बिक्री की वजह से कंपनी का मुनाफा घटा है। आईओसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 2,643.18 करोड़ रुपये रहा है, जो एक साल पहले समान तिमाही में 13,750.44 करोड़ रुपये था।

**बिजनेस साइट**

## मासूम के श्वास नली में फंसा छिलका बालाजी हॉस्पीटल में सफल ऑपरेशन



**रायपुर।** मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में छह माह के बच्चे के श्वास नली मे फंसे पेंसिल के छिलके का सफल ऑपरेशन कर छिलके को निकाल लिया गया। दरअसल, धमतरी के नगरी की रहने वाले मासूम ने खेल-खेल में पेंसिल का छिलका निगल लिया था। आनन-फानन में परिजनों ने छिलके का कुछ हिस्सा मासूम के मुंह से निकाल लिया। लेकिन छिलके का बड़ा हिस्सा श्वास नली में अटका रहा। मासूम की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उसे तुरंत मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां पर नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. दिग्विजय सिंह और उनकी टीम ने बच्चे का इलाज शुरू किया। बच्चे की ब्रोंकोस्कॉपी के दौरान पेंसिल का छिलका दाएं श्वास नली में फंसा हुआ पाया गया। ऑपरेशन के बाद बच्चे को शिशु रोग विभाग के गहन चिकित्सा वार्ड में भर्ती किया गया। उसकी श्वास की तकलीफ पूरी तरह ठीक हो गई है और बच्चा अब स्वस्थ है। ऑपरेशन में डॉ. सतीश राठी, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ. नंदिनी गुप्ता, डॉ. सुमति गोयल, डॉ. मनीष नाग, डॉ. हेमाली दोषी और डॉ. रीमा वाधवा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डॉ. मोतीरमानी ने 82 वर्षीय बुजुर्ग का किया सफल इलाज

**रायपुर।** श्री नारायणा हॉस्पिटल में 82 वर्षीय बुजुर्ग का सफल इलाज किया गया। दरअसल, बुजुर्ग ने लगभग 12 साल पहले बाईपास सर्जरी करवाई थी, उसके बाद उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। सांस फूलने और पसीना आने के बाद उन्हें तुरंत वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल मोतीरमानी के पास ले जाया गया। जांच में पता चला कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। डॉ. मोतीरमानी ने एंजियोग्राफी की, जिसमें बाईपास ग्राफ्ट की नसें 99% ब्लॉक पाई गईं। इसके बाद डॉ. मोतीरमानी ने त्वरित निर्णय लेते हुए एंजियोप्लास्टी करने का निर्णय लिया। यह ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि बाईपास ग्राफ की एंजियोप्लास्टी सामान्यतः कठिन मानी जाती है, लेकिन डॉ. मोतीरमानी ने इसे सफलतापूर्वक किया। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डॉ. मोतीरमानी ने बताया कि बाईपास सर्जरी के बाद भी अगर हार्ट अटैक होता है तो एंजियोप्लास्टी की जा सकती है, और इसके अच्छे परिणाम देखे जा सकते हैं। बाईपास सर्जरी करने में मुश्किल आती है, ऐसे मामलों में भी एंजियोप्लास्टी एक प्रभावी विकल्प है। डॉ. मोतीरमानी फिलहाल मोतीरमानी हार्ट क्लिनिक, शंकर नगर में डायरेक्टर के रूप में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।



- एंजियोप्लास्टी करके बचायी 82 वर्षीय बुजुर्ग की जान

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
**ANSARI NAGAR, NEW DELHI-110 029**
**Web: www.aiims.edu**

Advt. No.AIIMS/CAPFIMS/FC/2024/1(Contract) Date: 26th July, 2024

**VACANCY NOTICE FOR FACULTY POSTS IN AIIMS-CAPFIMS CENTRE MAIDANGARHI, NEW DELHI**

The Ministry of Home Affairs, Government of India (GOI), approved the establishment of the Central Armed Police Forces Institute of Medical Sciences ("CAPFIMS").The Ministry of Health & Family Welfare (MoH&FW) and Ministry of Home Affairs (MHA) have decided that CAPFIMS shall function as an integral centre of AIIMS, New Delhi and it shall be named '**AIIMS-CAPFIMS Centre**' and shall be governed by the rules and regulations applicable to AIIMS, New Delhi. As per MoA between AIIMS-CAPFIMS and AIIMS, New Delhi, AIIMS, New Delhi shall operationalize "AIIMS-CAPFIMS Centre" as per the Acts, Rules, and Regulations applicable to AIIMS, New Delhi and hold examinations. This recruitment is for faculty positions approved by Govt. of India for CAPFIMS Centre in Maidangarhi, New Delhi. Faculty appointed at the AIIMS CAPFIMS Centre will be posted in this centre and will work exclusively for CAPFIMS Centre.

On behalf of AIIMS-CAPFIMS, AIIMS, New Delhi is inviting online application for the posts of **Assistant Professor of various disciplines at AIIMS-CAPFIMS Centre, Maidangarhi, New Delhi.**

Vacancy details, General terms conditions and prescribed recruitment rules etc. for the advertised posts will be available on the AIIMS, New Delhi websites www.aiimsexams.ac.in and www.aiims.edu under the Head "Notices & Recruitment".

**Opening date of online application form -- 01.08.2024.**
**Closing date of online application form -- 10.08.2024.**

**Candidates are requested to kindly visit Institute's web site regularly for any addendum /corrigendum in this regard.**

-sd/-
Sr. Admn. Officer

CBC 17112/11/0023/2425

## नए नियम से बदल जाएगी म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री

# एक नवंबर से लागू होंगे इनसाइडर ट्रेडिंग के नए नियम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मार्केट र सेबी ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए बड़े बदलाव करने की तारीख तय कर ली है। म्यूचुअल फंड में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए नए इनसाइडर ट्रेडिंग नियम 1 नवंबर से लागू होने वाले हैं। नए नियमों की मदद से एसेट मैनेजमेंट कंपनियों का कामकाज भी बेहतर हो जाएगा।

नए नियमों के तहत संवेदनशील जानकारियां रखने वाले कर्मचारियों पर विशेष नजर रखनी होगी। साथ ही ऐसे कर्मचारियों को एग्रीमेंट भी साइन करना होगा। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, नए नियमों के तहत प्राइस सेंसिटिव जानकारी रखने वाले कर्मचारियों को लेकर म्यूचुअल फंड कंपनियों को पारदर्शिता रखनी होगी। ऐसे कर्मचारियों को नामित व्यक्ति माना जाएगा।



### गोपनीयता समझौते पर करने होंगे हस्ताक्षर

इन्हें नामित व्यक्ति के रूप में पहचाना जाएगा। नए नियमों के तहत उन कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों की लिस्ट रखनी पड़ेगी, जिनकी पहुंच संवेदनशील जानकारी तक है। इन सभी को गोपनीयता समझौते पर हस्ताक्षर करने होंगे। इसकी मदद से इनसाइडर ट्रेडिंग को रोकने में सेबी को मदद मिलेगी।

### विरोध के चलते नए नियम लागू करने में देरी

*सेबी ने 26 जुलाई को नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा था कि नए इनसाइडर ट्रेडिंग नियम 1 नवंबर, 2024 से लागू होंगे। नए नियमों के तहत एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को अपने अंदरूनी कंट्रोल की समय-समय पर समीक्षा करनी होगी। सेबी ने जुलाई, 2022 में इनसाइडर ट्रेडिंग को लेकर म्यूचुअल फंड कंपनियों में खरीद और बिक्री को लेकर कंसल्टेशन पेपर जारी किया था। मगर, बाजार विशेषज्ञों के अनुसार इंडस्ट्री के विरोध के चलते नए नियमों को लागू करने में देरी हुई है।*

### बतानी होगी होल्डिंग

सेबी नोटिफिकेशन के अनुसार, नए इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों के तहत प्राइस सेंसिटिव इंफॉर्मेशन रखने वालों को अब म्यूचुअल फंड यूनिट की ट्रेडिंग नहीं करने दी जाएगी। यह जानकारी स्कीम की नेट एसेट वैल्यू पर असर डालने के साथ ही यूनिट होल्डर्स के हितों को भी प्रभावित कर सकती है। इनसाइडर ट्रेडिंग रूल लोगों को अनैतिक लाभ नहीं होने देंगे। नए नियम के तहत एएमसी को स्टॉक एक्सचेंज पर एएमसी, ट्रस्टी और उनके रिश्तेदारों द्वारा म्यूचुअल फंड स्कीम में अपनी होल्डिंग्स के विवरण का खुलासा करना होगा। साथ ही नामित व्यक्ति द्वारा किए गए ट्रांजेक्शन की सूचना भी दो दिन के अंदर देनी होगी।

# पेरिस ओलंपिक : किसान के बेटे सरबजोत सिंह ऐसे बन गए फुटबॉलर से निशानेबाज

## मनु भाकर के साथ जीता पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज

पेरिस ओलंपिक में भारत की झोली में एक और मेडल आ गया है। 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड इवेंट में मनु भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज मेडल जीता है। जानिए कौन हैं सरबजोत सिंह, जिन्होंने मनु के साथ पेरिस में भारत का परचम बुलंद किया। सरबजोत हरियाणा के अंबाला के धीन गांव से हैं। वह किसान जतिंदर सिंह और गृहिणी हरदीप कौर के बेटे हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के डीएवी कॉलेज से पढ़ाई की है। उन्होंने कोच अभिषेक राणा से शूटिंग की बारीकियां सीखीं हैं।

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सरबजोत सिंह समर कैंप के दौरान फुटबॉल खेलने गए थे। वहां कुछ बच्चों को एक अस्थायी रेंज में एयर गन चलाते देखा। उस समय वह 13 साल के थे और फुटबॉलर बनने की उम्मीद रखते थे। 2014 में, वह अपने पिता के पास गए और कहा कि मैं शूटिंग करना चाहता हूं। उनके पिता, जो किसान हैं, ने कहा कि यह खेल बहुत महंगा है आखिरकार वे मान गए। सरबजोत ने शूटिंग खेलने के लिए महीनों प्रशिक्षण लिया और 2019 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप, सुहल में स्वर्ण पदक जीता।



### ओलंपिक क्वालीफिकेशन में रहे 9वें नंबर पर

अपना पहला ही ओलंपिक खेल रहे सरबजोत पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में 577-16x के स्कोर के साथ 33 एथलीटों में नौवें स्थान पर रहे। वह आठवें स्थान पर रहे जर्मनी के रॉबिन वाल्टर से मामूली अंतर से चूक गए थे। बता दें कि शीर्ष-8 निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं। ऐसे में अपनी पिछली गलतियों से सबक लेते हुए सरबजोत ने मनु के साथ पदक जीतने में सफलता हासिल की।

### इन निशानेबाजों की सूची में शामिल हुए सरबजोत

सरबजोत और मनु की जोड़ी ने भारत को ओलंपिक इतिहास में छठा पदक दिलाया। बता दें कि मनु ने पेरिस ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था। 2008 में स्वर्ण पदक अभिनव बिंद्रा ने जीता था। वह व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बने थे। उनके अलावा राज्यवर्धन सिंह (2004 में रजत), गगन नारंग (2012 में कांस्य) और विजय कुमार (2012 में रजत) निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं।

### सरबजोत सिंह के पदक और उपलब्धियां

**एशियन गेम्स 2022:**
टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक और मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक।

**जूनियर विश्व कप 2022 सुहल में:**
टीम स्पर्धा में 1 स्वर्ण पदक और व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में 2 रजत पदक।

**एशियन चैम्पियनशिप 2023, कोरिया:**
10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक और देश के लिए ओलंपिक 2024 का कोटा स्थान हासिल किया।

**आईएसएसएफ डब्ल्यूसी 2023 भोपाल:**
व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक
विश्व कप 2023 बाकू में 2023: मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक

पेरिस ओलंपिक

# आज भारत के लिए निशाना साधेंगी भाजपा विधायक



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के चौथे दिन भारत की नजर शूटिंग के ट्रैप इवेंट पर होगी। इसमें एक भाजपा विधायक भी अपनी आज दावेदारी पेश करेंगी। इस विधायक का नाम श्रेयसी सिंह हैं, जो बिहार के जमुई से आती हैं और यहीं से 2 साल पहले भाजपा के टिकट पर विधायक चुनी गईं हैं। श्रेयसी के पिता केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं और मां पुतुल कुमारी भी बिहार के बांका से सांसद रह चुकी हैं। श्रेयसी सिंह पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल का हिस्सा हैं। 32 वर्षीय श्रेयसी पेरिस शूटिंग के डबल ट्रैप स्पर्धा में आज भाग लेंगी। श्रेयसी ने 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत और उसके बाद 2018 के गोल्ड कोस्ट सीडब्ल्यूसी में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई थी। श्रेयसी सिंह 2021 में दिल्ली में हुए आईएसएसएफ विश्व कप में महिला ट्रैप टीम इवेंट में गोल्ड जीतने वालीं टीम का हिस्सा थीं। उसके अलावा 2023 में आईएसएसएफ विश्व कप में उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

### दादा व पिता रहे राइफल संघ के अध्यक्ष

श्रेयसी का शूटिंग से जुड़ाव उनके परिवार की विरासत से जुड़ा है। उनके दादा कुमार सुरेंद्र सिंह और पिता दिग्विजय सिंह दोनों ही भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। श्रेयसी सिंह ने इस साल अप्रैल में कतर के दोहा में आयोजित आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक शॉटगन क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था।

### आज भारत का कार्यक्रम



**निशानेबाजी:** 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन पुरुष क्वालीफिकेशन: ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले - दोपहर 12:30 बजे ट्रैप महिला क्वालीफिकेशन: श्रेयसी सिंह और राजेश्वरी कुमारी - दोपहर 12:30 बजे

**बैडमिंटन :** महिला एकल (ग्रुप चरण): पीवी सिंधू बनाम क्रिस्टिन कुउबा (एस्टोनिया) - दोपहर 12:50 बजे



पुरुष एकल (ग्रुप चरण): लक्ष्य सेन बनाम जोनाटन क्रिस्टी (इंडोनेशिया) - दोपहर 1:40 बजे पुरुष एकल (ग्रुप चरण): एचएस प्रणय बनाम डुक फाट ले (वियतनाम) - रात 11 बजे

**टेबल टेनिस :** महिला एकल (अंतिम 32 दौर): श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग (सिंगापुर) - दोपहर 2:20 बजे



**मुक्केबाजी :** महिला 75 किग्रा (अंतिम 16 दौर): लवलीना बोरगोहेन बनाम सुन्निवा हॉफस्टेड (नॉर्वे) - दोपहर 3:50 बजे पुरुषों 71 किग्रा (अंतिम 16 दौर): निशांत देव बनाम जोस गेब्रियल रोड्रिग्ज टेनोरियो (इक्वाडोर) - रात 12:18 बजे।

**तीरंदाजी :** महिला एकल: अंतिम 64 चरण: दीपिका कुमारी - दोपहर 3:56 बजे पुरुष एकल: अंतिम 64 चरण: तरूणदीप राय - रात 9:15 बजे



**घुड़सवारी :** व्यक्तिगत ड्रेसेज ग्रां प्री दूसरा दिन: अनुश अग्रवाला - दोपहर 1:30 बजे

# भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हराकर 3-0 से सूपड़ा किया साफ

तीन मैचों की वन डे सीरीज दो अगस्त से कोलंबो में

एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल

नए कप्तान सूर्यकुमार यादव (पांच रन पर दो विकेट) और रिंकू सिंह (तीन रन पर दो विकेट) ने हार की कगार पर पहुंचने के बाद अंतिम दो ओवर में शानदार गेंदबाजी करके मैच टाई कराया और फिर वाशिंगटन सुंदर ने सुपर ओवर में सिर्फ एक रन दिया जिससे भारत ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में श्रीलंका को हराकर 3-0 से सूपड़ा साफ किया। अंतिम दो ओवर में जब मेजबान टीम को सिर्फ नौ रन की दरकार थी तब रिंकू (तीन रन पर दो विकेट) और सूर्यकुमार (पांच रन पर दो विकेट) ने आठ रन देकर चार विकेट चटकाते हुए श्रीलंका को आठ विकेट पर 137 रन पर रोककर मुकाबले को टाई कराया। सुंदर ने सुपर ओवर में पहली चार गेंद पर कुसाल परेरा (00) और पथुम निसांका (00) को आउट करके श्रीलंका को एक रन ही बनाने दिया। यह रन कुसाल मेंडिस ने बनाया।



# भारतीय हॉकी टीम की दूसरी जीत आयरलैंड को 2-0 से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक 2024 में हॉकी के पूल बी में भारत ने आयरलैंड को 2-0 से हरा दिया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी स्ट्रोक से पहला गोल दागा। इसके बाद एक और गोल किया। पहले हॉफ में भारत ने आयरलैंड पर 2-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद दूसरे हॉफ में भारत ने बढ़त बनाए रखी और तीसरे और चौथे क्वॉर्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर पाईं। आखिर में भारत ने यह मैच जीत लिया।



### भारत ने पूल-बी में हासिल किया शीर्ष स्थान

इस जीत के साथ भारतीय हॉकी टीम ने पूल-बी में फिलहाल शीर्ष स्थान हासिल किया है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली टीम ने अपने 3 में से 2 मैच जीते हुए हैं और 1 मैच ड्रॉ खेला है। इस पूल में बेल्जियम की टीम दूसरे स्थान पर है, जिसने 2 मैच जीते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया 2 ही जीत के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद है।



Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com
*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।
होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा – 9785823333, ग्रैंड होंडा – 0771-4033794, वरूण होंडा – 0771-4005901, जी.के. होंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा – 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 626909005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, जुनवानी रोड (माईलस्टोन स्कूल) – 8305224906, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा – 0788-4017246, 8458882333, बोरसी – 8458880444, रिसाली – 9340000620, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा – 07744-223100, मनराज होंडा – 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा – 7587764225, 9406082344, बलौदा बाजार: किरण होंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा– 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा – 07868 241600
For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy




# इंद्रावती टाइगर रिजर्व में देखा गया म्यांमार का ब्लू यर्ड किंगफिशर

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

म्यांमार से वेस्टर्न घाट तक पाया जाने वाला ब्लू यर्ड किंगफिशर पक्षी बस्तर के इंद्रावती टाइगर रिजर्व में देखा गया है। बस्तर का यह इलाका इस पक्षी का अस्थायी ठिकाना होता है। बर्ड एक्सपर्ट सूरज नायर ने इसे कैमरे में कैद किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में पहली बार इंद्रावती टाइगर रिजर्व में इसे देखा गया था। तब इसे कैमरे में कैद नहीं किया जा सका था। वर्ष 2024 में एक बार फिर जब इस मेहमान का आगमन हुआ, तब पहली बार इसे कैमरे में कैद किया जा सका। कड़ी मशक्कत के बाद उसे सफलता मिली।

अलग खबर

**उथले समुद्र**

यह पक्षी नालों या खाड़ियों वाली आर्द्रभूमियों और उथले समुद्री मुहल्लों में पाया जाती है

**ठिकाना**

पक्षी का अस्थायी ठिकाना होता है बस्तर का यह इलाका

### मिन्नूर गांव में लोकेट हुआ पक्षी

नीले कान वाला किंगफिशर 18.771, 80.477 जीपीएस लोकेटर में इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के मद्देड़ बफर के मिन्नूर गांव में देखा और पाया गया है। आमतौर पर नीली कान वाली किंगफिशर प्रजातियां उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय नम तराई के जंगलों, उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय मैंग्रोव जंगलों, उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय आर्द्रभूमियों, नदियों, नालों या खाड़ियों वाली आर्द्रभूमियों और उथले समुद्री मुहल्लों में पाई जाती हैं। ये नीले कान वाले किंगफिशर 0 से 1000 मीटर की ऊंचाई पर पाए जाते हैं। भारत, चीन, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, मलेशिया, सिंगापुर, ब्रुनेई, इंडोनेशिया और फिलीपींस में विचरण करते हैं।



### कहां से आया इसे लोकेट करने का किया जा रहा प्रयास

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि म्यांमार का ब्लू यर्ड किंगफिशर पक्षी आईटीआर में कहां से आया इसे लोकेट करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पक्षी विशेषज्ञ को निर्देश दिया कि यह पक्षी कहां से आया और कहां जा रहा है, इसकी जानकारी लें।

### कैसे होती है पहचान

छोटा-गहरा-नीला किंगफिशर, जिसके कान पर कोई रूफस नहीं है। इसकी आंख के सामने एक नारंगी धब्बा है, गर्दन के किनारों पर सफेद कान के गुच्छे हैं और गहरे नीले रंग की पट्टियों के साथ एक अल्ट्रामरीन-नीला सिर और गर्दन है, जो इसे एक पपड़ीदार रूप देता है। ऊपरी हिस्सा चमकदार गहरा नीला है और पीछे की तरफ नीचे की ओर हल्के नीले रंग का केंद्रीय बैंड है। सफेद ठुड्डी और गला, गहरे नारंगी रंग का निचला भाग। नर की चोंच भूरे-लाल आधार के साथ काली होती है, जबकि मादाओं की चोंच लगभग पूरी तरह लाल होती है। जुवेनाइल का ऊपरी भाग भी गहरे नीले रंग का होता है, लेकिन आम किंगफिशर के समान ही उसके गाल और कान के आवरण रूखे होते हैं।

# बीडी गुरु और एके प्रसाद बनेंगे हाईकोर्ट जज, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जज के रूप में नियुक्ति के लिए दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं के नामों की सिफारिश की है। जिसमें कॉलेजियम ने अधिवक्ता बिभू दत्ता गुरु और अमितेंद्र किशोर प्रसाद का नाम शामिल किया है। इस सिफारिश की प्रक्रिया की अध्यक्षता चीफ जस्टिस डी. वाई चंद्रचूड़ ने की और इसमें जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई भी शामिल थे।

बता दें कि इससे पहले बीते 21 फरवरी को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अपने दो वरिष्ठतम सहयोगियों के साथ सलाह-मशविरा करने के बाद इन अधिवक्ताओं के नाम की सिफारिश कॉलेजियम से की थी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने इस सिफारिश पर सहमति जताई है। संसदीय प्रक्रिया के अनुसार, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मामलों से अवगत सुप्रीम कोर्ट के एक जज के विचार मांगे गए थे, लेकिन एकमात्र सलाहकार जज ने अपनी राय देने से इनकार कर दिया, क्योंकि सिफारिश की गई सूची में एक नाम उनके रिश्तेदार का था। इसके बाद उम्मीदवारों की योग्यता और उपयुक्तता का आकलन करने के लिए रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री की समीक्षा की गई। न्याय विभाग की ओर से प्राप्त टिप्पणियों और उम्मीदवारों के खिलाफ प्राप्त शिकायतों पर भी गौर किया गया। जिसके बाद अधिवक्ता बिभू दत्ता गुरु और अमितेंद्र किशोर प्रसाद के नाम पर सहमति बनी।

### अमितेंद्र किशोर प्रसाद : अनुभव और व्यापक प्रैक्टिस



न्याय विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिवक्ता अमितेंद्र किशोर प्रसाद की व्यक्तिगत और पेशेवर छवि अच्छी है और उनकी ईमानदारी के खिलाफ कुछ भी प्रतिकूल नहीं पाया गया है। अनुभव के साथ साथ उनके पास व्यापक प्रैक्टिस है, जिसका विवरण 110 रिपोर्टेड जजमेंट्स में मिलता है। उनकी उम्र और बार में ख्याति को ध्यान में रखते हुए, कॉलेजियम ने उन्हें हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने के लिए उपयुक्त माना है।

### बिभू दत्ता गुरुः कई महत्वपूर्ण मामलों में किया प्रतिनिधित्व



न्याय विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिवक्ता बिभू दत्ता गुरु की ईमानदारी के खिलाफ कुछ भी प्रतिकूल नहीं पाया गया है। उन्होंने उच्च न्यायालय में कई मामलों में प्रतिनिधित्व किया है, जिनका विवरण 54 रिपोर्टेड जजमेंट्स में है। उनकी उम्र और बार में ख्याति को ध्यान में रखते हुए, कॉलेजियम ने उन्हें हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने के लिए उपयुक्त माना है।

लोकप्रिय

नए जोड़े यहां करवाते हैं फोटोशूट

# प्यार करने वालों की तकदीर बदलती है 'टनल ऑफ लव'

एजेंसी ▶▶| लंदन

टनल ऑफ लव के साथ भले ही कई तरह की कहानियां जुड़ी हों, लेकिन यह प्यार करने वालों में काफी लोकप्रिय है। कहा जाता है कि यहां आने वाले प्रेमियों की तकदीर बदल जाती है और वे कभी अलग नहीं होते हैं। यहां की अनूठी खूबसूरती में नवविवाहित जोड़े फोटोशूट करवाते हैं।

टनल या सुरंग का नाम सुन कर अगर आपके में रोमांच पैदा होता है, तो यकीनन आप ट्रेन की सुरंग के बारे में सोच रहे होंगे। पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया में टनल ऑफ लव भी है। वैसे तो यह असल सुरंग नहीं हैं, लेकिन ट्रेन की टनल जरूर है। यह सुरंग घने पेड़ों के अंदर से सुरंग के आकार के रास्ते से गुजरती है। यह यूक्रेन के रिव्ने इलाके में क्लेवन शहर और ओरज़िव गांव के बीच स्थित है। इसके प्रेम की सुरंग कहने की कहानी भी अचानक ही नहीं बनी है।



### इस जगह को पसंद करते हैं फोटोग्राफर

यह आकर्षक प्राकृतिक ट्रेन सुरंग सिंगल-ट्रैक रेलवे लाइन के दोनों ओर पेड़ों द्वारा बनाई गई हरी-भरी वनस्पतियों के मेहराबों से घिरी हुई है, जो इसे यूक्रेन के सबसे लोकप्रिय सुरम्य स्थानों में से एक बनाती है। वर्ष के विभिन्न मौसमों में, सुरंग के अंदर रोशनी और छाया एक अनोखे तरीके से खेलती है, और इस तरह, फोटोग्राफर इस जगह को पसंद करते हैं। जोड़े और नवविवाहित जोड़े अक्सर इस ट्रैक के किनारे फोटो शूट करवाते हैं।

### 2011 से पहले नहीं थी जानकारी

आपको जानकर हैरानी होगी कि 2011 में इंटरनेट पर लोकप्रिय होने से पहले तक टनल ऑफ लव के बारे में आम जनता को करीब करीब पता ही नहीं था। क्लेवन के बाहरी इलाके में झाड़ियों में भटक रहे पर्यटकों के एक समूह ने अचानक खुद को पेड़ों के बीच छिपे रेलवे ट्रैक पर पाया। उन्होंने एक तस्वीर ली और इसे फेसबुक पर शेयर किया।

### कई मान्यताएं हैं सुरंग के बारे में

स्थानीय लोगों की रोमांटिक किंवदंतियों के अलावा, इस मनमोहक सुरंग में एक अनोखी आभा है, जो एक ऐसी जगह का माहौल देती है, जहां सपने सच होते हैं और दिल एक हो जाते हैं। इस आभा को एक हरे रंग के मेहराब द्वारा दर्शाया गया है, और दो रेल, दो जीवन के रास्तों का प्रतिनिधित्व करती हैं। सुरंग और इसकी खासियतों के बारे में कई मान्यताएं हैं। जोड़े मानते हैं कि सुरंग में एक किस उनके प्यार को मजबूत करेगा, और अगर वे रेल पर खड़े होकर गले मिलते हैं, तो वे कभी अलग नहीं होंगे। सुरंग नवविवाहितों के बीच लोकप्रिय है जो यहां शादी की तस्वीरें लेना पसंद करते हैं और यहां तक कि अपनी कोमल और भावुक भावनाओं के प्रतीक के रूप में फूल भी लगाते हैं।

# लड़की की हेयर स्टाइल को बदल डाला ऐसे, बन गया सुंदर सा छाता



**लंदन।** अनूठी कलाकृति केवल मिट्टी वगैरह से ही नहीं बनाई जाती है। लोग तरह-तरह की चीजों से बहुत ही अजीबोगरीब चीजें बना डालते हैं। पर क्या इंसानों के बालों को किसी अनोखी चीज का आकार दिया गया जा सकता है? जी हां, एक मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट ऐसा ही करती हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने एक महिला के बालों से अनोखा छाता बना दिया है जिसे देख कर लोग हैरान हैं।

वीडियो में हेयरस्टाइलिस्ट एक महिला के पास खड़ी होकर पहले एक छाता खोलती है और उसे छोड़ कर महिला के बालों पर काम करने लग जाती है। वह एक छातेनुमा तारों से पहले छाते का बेस स्ट्रक्चर बनाती है और उन तारों में पतली चोटियां गूंथती है। इसके बाद वह बहुत ही अनोखे अंदाज में बालों को फैला देती है।

आखिर में बालों को अनूठा और खूबसूरत छाता दिखाई देता है। और ऐसा लगता है कि लड़की असल में ही एक छाता लगाए हुए है। यहां तक कि छाते का सिरा भी दिखाई दे रहा है और उसी सिरे से निकली एक छड़ी नीचे तक गई है जो नीचे सीने के पास आकर मुड़ भी गई है। पूरा छाता अपने आप में काफी हैरान करने वाली कृति लग रही है।

# कुएं में तैरते सर्प को मारा, दूसरे दिन पानी गायब

विनायक मेश्राम ▶▶| मुसराकला- डोंगरगढ़

सावन माह में जहां झमाझम बारिश के बीच नदी और नाले उफान पर है, वहीं डोंगरगांव ब्लाक के आरवीरा के एक कुएं में अचानक पानी के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले हफ्ते कुंए में एक सांप को तैरता देख खेत के मालिक किसान ने उसे मारकर कुएं में ही फेंक दिया था। इसके 24 घंटे बाद ही कुएं का पानी पूरी तरह से गायब हो गया है।

डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के गृह ग्राम अलीवारा से लगे हुए ग्राम आरवीरा के एक कृषक ने सावन के प्रथम सोमवार को अपने खेत के कुएं में खरपतवार साफ कर करते हुए पानी से भरे कुएं में सांप तैरता दिखाई दिया। जिसके बाद उसने सांप को लाठी से मारकर फेंक दिया, तभी दूसरा सांप भी दिखाई दिया। उसे जैसे ही मारा, सांप नीचे की ओर चला गया। वहीं दूसरे दिन कृषक थानसिंह सुबह जब अपने कुएं में नहाने पहुंचा तो बारिश में लबालब कुएं का सारा पानी खाली हो चुका था। इसके बाद उसने कुएं की भीतर झांककर देखा तो मरा हुआ सांप नजर आया। इस वाकिये के बाद कृषक के होश फाख्ता हो गए है।



### पानी रहता था लबालब

कृषक द्वारा उसने अपने खेत में 40 से 50 फीट गहरा कुआं कुछ वर्ष पहले बनाया गया था। जिसमें लबालब पानी भरा रहता था। वर्तमान में भी उसमें लबालब पानी भरा था। लेकिन सोमवार को हुई घटना के बाद से कुंए का पानी सूख गया है।

### कुएं को देखने पहुंच रहे लोग, तरह-तरह की चर्चा

इस घटना की जानकारी लोगों को होने पर अब इस कुएं को देखने लोग पहुंच रहे हैं। कृषक ने कुएं में पड़े मृत सांप को पैरे से ढक दिया है। वहीं कुएं के सूखने को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर जारी है। कुछ लोग इसे देवीय शक्ति मान रहे हैं। तो कुछ लोग इसे कोई संकट से जोड़ रहे हैं।




# मछुआरों के जाल में फंसी 1500 किलो की व्हेल शार्क, इसे कहा जाता है गुजरात की बेटी

**नई दिल्ली।** मछुआरों के जाल में एक विशाल व्हेल शार्क फंस गई। इस व्हेल का वजन 1500 किलोग्राम बताया जा रहा है। इस 1500 किलो की मछली को क्रेन की मदद से गिलकलाडिंडी बंदरगाह पर लाया गया था। जानकारी के मुताबिक, मछलीपट्टनम स्थित कृष्णा जिले के स्थानीय मछुआरों के जाल में 1,500 किलोग्राम की एक विशाल व्हेल शार्क फंस गई। गुजरात के समुद्री तट का तापमान उनके अनुकूल होने के कारण व्हेल शार्क अंडे देने के लिए गुजरात के तट पर पहुंचती हैं। इसके कारण व्हेल शार्क को गुजरात की बेटी भी कहा जाता है।




# गुरु के निधन पर शव के सामने नाचते हैं शिष्य

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड में आज भी प्राचीन परम्पराएं जीवित हैं। इनमें से एक परंपरा हरदौल अखाड़े की है, जहां गुरु की मौत हो जाने पर उनके शिष्य बुंदेली परंपरा का पालन करते हुए शव के सामने अपनी तलवारबाजी और अखाड़े की कला का प्रदर्शन करते हैं।



बजरिया निवासी जाने-माने वरिष्ठ पहलवान एवं महंत पंडित रामचंद्र पाठक का लंबी बीमारी से निधन हो गया। पं. रामचंद्र पाठक हरदौल अखाड़े के उस्ताद थे, इसलिए अखाड़े के शागिर्दों ने बुंदेली परंपरा के अनुसार उस्ताद के शव के सामने तलवार, वनेटी, फरसा, चक्र कला का प्रदर्शन कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

### गुरु को अंतिम सलाम

शवयात्रा में शामिल होने वाले नरेंद्र दुबे ने बताया कि यह परंपरा काफी अनोखी है। अपने गुरु को शिष्यों का अंतिम सलाम अद्भुत और अनोखा है। वहीं, स्थानीय निवासी मोंटी रैकवार ने भी बुंदेली परंपरा का पालन करते हुए अपने गुरु को अंतिम विदाई दी। साथ ही उनकी चिता के सामने हरदौल अखाड़े का प्रदर्शन किया।

### बड़ी अनोखी परंपरा

हरदौल अखाड़े की बुंदेली परंपरा के मुताबिक, शिष्य अपने गुरु को मुक्तिधाम में अंतिम विदाई देते समय चिता के सामने अखाड़े का प्रदर्शन करते हैं। इस परंपरा को शायद ही आपने पहले कभी देखा होगा, लेकिन यह सच है। बुंदेलखंड की इसी परंपरा का पालन करते हुए हरदौल अखाड़े के 84 वर्षीय उस्ताद पं. रामचंद्र पाठक के निधन पर उनके शिष्यों ने मुक्तिधाम में अंतिम विदाई दी। यह परंपरा बुंदेलखंड की अनोखी प्रथा है, जिसमें शिष्य अपने गुरु के निधन पर इस प्रकार की अद्वितीय प्रदर्शन करते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com